


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 14, अंक - 118 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास खबर...




### बातौर कप्तान रोहित ने जड़ा पहला टेस्ट शतक, आस्ट्रेलिया पर भारत की लीड

**नागपुर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान अपना पहला टेस्ट शतक जडा। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 9वां शतक है। रोहित ने यह शतक 171 गेंदों पर लगाया। इस दौरान उन्होंने 2 छक्के और 14 चौके लगाए। खबर लिखे जाने तक भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया पर लीड लेना शुरू कर दिया है।

मैच में दूसरे दिन भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने अपने 5 विकेट 168 रन पर ही गंवा दिए। भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अब तक कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। केएल राहुल 20, अश्विन 23, पुजारा 7, कोहली 12 और सूर्यकुमार 8 रन बनाकर आउट हुए, दूसरे दिन भारतीय टीम ने 4 विकेट गंवाए।

# जम्मू-कश्मीर के रियासी में मिला 59 लाख टन लिथियम का भंडार

## मोबाइल-लैपटॉप की बैट्री बनाने के आता है काम



**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** देश में पहली बार जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम का बड़ा भंडार मिला है। लिथियम के भंडार की यह पहली साइट है, जिसकी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रियासी जिले में पहचान की है। इलेक्ट्रिक व्हीकल और मोबाइल फोन जैसे उपकरणों की बैट्री में इस्तेमाल होने वाले लिथियम को दूसरे देशों से आयात किया जाता है। रियासी जिले में अब इसके भंडार के दोहन से देश की आयात पर निर्भरता कम होगी।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने पहली बार जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 5.9 मिलियन टन के लिथियम अनुमानित संसाधन स्थापित किए हैं। लिथियम एक अलौह धातु है जो मोबाइल फोन, लैपटॉप, डिजिटल कैमरा और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रिचार्बेल बैट्री में उपयोग किया जाता है। इसके अलावा इसका उपयोग खिलौनों और घड़ियों के लिए भी किया जाता है। इस समय भारत लिथियम के लिए पूरी तरह दूसरे देशों पर निर्भर है।


माइंस सेक्रेटरी विवेक भारद्वाज ने बताया, देश में पहली बार जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम के भंडार की खोज की गई है। उन्होंने कहा, चाहे मोबाइल फोन हो या सोलर पैनल, महत्वपूर्ण खनिजों की हर जगह आवश्यकता होती है। आत्मनिर्भर बनने के लिए देश के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का पता लगाना और उन्हें संसाधित करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सोने का आयात कम किया जाता है तो हम आत्मनिर्भर बन जाएंगे। 62वीं केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक के दौरान लिथियम और गोल्ड समेत 51 खनिज ब्लॉकों पर एक रिपोर्ट राज्य सरकारों को सौंपी गई।

### इन 11 राज्यों में मिले हैं खनिज संसाधन

खनन मंत्रालय ने कहा है कि इन 51 खनिज ब्लॉकों में से 5 ब्लॉक सोने से संबंधित हैं. इसके अलावा पोटाश, मोलिब्डेनम, बेस मेटल से जुड़े हुए हैं. ये मेटल्स 11 राज्यों के अलग-अलग जिलों में मिले हैं। इन राज्यों में जम्मू-कश्मीर (यूटी), आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।

देश को मिली महंगे लॉन्च से आजादी

# इसरो ने की सबसे छोटे SSLV रॉकेट की सफल लॉन्चिंग



**श्रीहरिकोटा ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार की सुबह 9.18 बजे अपने सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। इसका नाम स्मॉल स्टैलाइट लॉन्च व्हीकल है। इसमें अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट EOS-07 भेजा जा रहा है। यह 156.3 किलोग्राम का है। अमेरिका का 10.2 किलोग्राम का जानुस-1 सैटेलाइट भी इसमें जा रहा है। इसके अलावा भारतीय स्पेस कंपनी स्पेसकिड्स का ,5डुडुस्त्रद्ब स्र्ञ्ज-2 जा रहा है, जो करीब 8.7 किलोग्राम का है। आजादी सैट को देश के ग्रामीण इलाकों से आने वाली 750 लड़कियों ने मिलकर बनाया है।

एसएसएलवी का इस्तेमाल छोटे सैटेलाइट्स की लॉन्चिंग के लिए होता है। यह एक स्मॉल-लिफ्ट लॉन्च व्हीकल है। इसके जरिए धरती की निचली कक्षा में 500 चत्र तक के सैटेलाइट्स को निचली कक्षा यानी 500 किलोमीटर से नीचे या फिर 300 किलोग्राम के सैटेलाइट्स को सन सिंक्रोनस ऑर्बिट में भेज सकते हैं। इस ऑर्बिट की ऊंचाई 500चरू के ऊपर होती है। एसएसएलवी की लंबाई 34 मीटर है। इसका व्यास 2 मीटर है। एसएसएलवी का वजन 120 टन है। एसएसएलवी 10 से 500 किलो के पेलोड्स को 500 किलोमीटर तक पहुंचा सकता है। एसएसएलवी सिर्फ 72 घंटे में तैयार हो जाता है।

एसएसएलवी को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड एक से छोड़ा गया है। इस रॉकेट की लॉन्चिंग के लिए अलग से स्मॉल सैटेलाइल लॉन्च कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। तमिलनाडु के कुलाशेखरापट्नम में नया स्पेस पोर्ट बन रहा है। फिर एसएसएलवी की लॉन्चिंग वहीं से होगी।

एसएसएलवी बनाने के पीछे छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करना एक कारण है। पहले इसके लिए पीएसएलवी के बनने का इंतजार करना पड़ता था जो काफी महंगा पड़ता था। उन्हें बड़े सैटेलाइट्स के साथ असेंबल करके भेजना होता था। इसे देखते हुए इसरो ने एसएसएलवी रॉकेट बनाया। इसके एक यूनिट पर 30 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। जबकि PSLV पर 130 से 200 करोड़ रुपए का खर्च आता है।

# सीएम भूपेश बघेल ने ली पूर्व सीएम डॉ रमन पर चुटकी, कहा- ‘ठग के साथ ठगी’

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेन भाजपा व उनके नेताओं पर चुटकी लेने का कोई मौका नहीं छोड़ते। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने फेसबुक पेज पर अपने नाम से फेक आईडी बनाकर रुपए मांगने वाले ठग से सावधान रहने की अपील की थी। उन्होंने खुद पोस्ट कर लोगों को सचेत रहने कहा था। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जब मीडिया ने डॉ रमन सिंह के फर्जी फेसबुक आईडी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि ठग के साथ भी ठगी।

बता दें पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह की फेक आईडी बनाकर मैसेंजर के जरिए रुपए की डिमांड की गई है। अज्ञात शख्स ने डॉ रमन सिंह के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग करते हुए कहा कि एक दिन बाद वे उसे जितना पैसा चाहे वो भेज देंगे।



इसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने लोगों को सावधान रहने कहा है। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा कि फेसबुक पर मेरे नाम से एक फेक प्रोफाइल बनाकर प्रदेशवासियों को आर्थिक लेन-देन के लिए संदेश भेजे जा रहे हैं। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि ऐसे किसी भी संदेश के छलावे में न आएं और ऑनलाइन ठगी से बचें।

सीएम बघेल ने कहा पूर्व सीएम ने छत्तीसगढ़ के ठगा

मीडिया ने जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूर्व सीएम डॉ रमन के फेक आईडी पर सवाल किया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि ठग के साथ भी ठगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने पूरे छत्तीसगढ़ को ठगा है। किसानों को ठगा, महिलाओं को ठगा, युवाओं को ठगा और तो और चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को भी ठगा। उस ठग महाराज को किसने ठग लिया। सीएम भूपेश का यह चुटकी लेता बयान ट्विटर पर खूब वायरल हो रहा है।

# कुम्हारी में किसान के घर लगी भीषण आग, सोने चांदी के जेवर के साथ नगदी में जलकर हुए राख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कुम्हारी में एक किसान के घर पर बीती रात भीषण आग लग गई। आग लगने से किसान को काफी नुकसान हुआ है। इस हादसे में किसी की जान तो नहीं गई लेकिन बताया जा रहा है किसान के घर की अलमारी व अन्य सामान जलकर राख हो गए। यही नहीं सोने चांदी के जेवर व नगदी रकम भी जल गई। कुल मिलाकर किसान को पांच लाख से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में पूरे चार घंटों का समय लगा। फिलहाल कुम्हारी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम सांकरा निवासी सालिक राम यादव के घर पर आग लग गई। आधी रात के बाद घर में आग लगी तो अफरा तफरी मच गई। घर वाले तत्काल घर से बाहर निकल गए और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन इस बीच आग तेजी से फैलने लगी थी। मौके से अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी गई। रात लगभग 1.40 बजे अग्निशमन कार्यालय को सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल वाहन रवाना किए गए।

जब दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो आग काफी फैल चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन तब तक काफी कुछ जल चुका था। सालिक राम के घर के अंदर अलमारी व उसमें रखी नगदी व सोने चांदी के जेवर भी जल कर राख हो गए। अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में करीब चार घंटे का समय लगा। इस पूरी कार्रवाई में अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन कर्मी महेंद्र चंदेल, अवतार सिंह, नागेश मार्कंडेय, पराग भोसले, राजू लाल आदि की सराहनीय भूमिका रही।




# सूदखोर से परेशान शख्स ने लगाई फांसी, आरोपी सूदखोर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जिले मे सूदखोर से परेशान होकर आत्महत्या करने मामला सामने आया है। यहां बुक डीपो का संचालन करने वाले शख्स ने आत्महत्या कर ली थी। अब मृतक का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में शख्स अपनी पत्नी से कह रहा है कि यह उसका आखिरी वीडियो है। वीडियो में उसने सूदखोर कृष्णा राठौर से परेशान होकर आत्महत्या की बात कही है। वहीं उसने पत्नी से कहा कि सूदखोर को छोड़ना मत उसे फांसी की सजा दिलवाना। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी सूदखोर कृष्णा राठौर को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें सोनगंगा कॉलोनी निवासी सुमित शर्मा (38) बुधवार को रोज की तरह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ा। स्कूल की छुट्टी के बाद अपने पिता के घर पर बेटी को छोड़कर अपने किराए के मकान में पहुंचा। यहां पर अपनी पत्नी को फोनकर जल्दी घर आने कहा। देर शाम करीब 7 बजे उसकी पत्नी घर पहुंची, तो दरवाजा खुला था। वहीं, अंदर कमरे में सुमित की लाश फंदे पर लटक रही थी। यह देख उसकी पत्नी बदहवास हो गई और अपने ससुर को कॉल किया। इसके परिजन घर पहुंचे और फंदे से सुमित को उतारकर अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

आत्महत्या के बाद सामने आए वीडियो में सुमित कह रहा है कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं, एक आदमी कृष्णा राठौर रामा ग्रीन सिटी में रहता है, उसने मुझे बर्बाद कर दिया है, मैं उसका पूरा पैसा चुका दिया हूं पर उसने मेरी कार रख ली है। मुझसे तीन लाख रुपए एक्स्ट्रा मांग रहा है। उसको छोड़ना मत, उसे फांसी लगवाना। आज मैं मर रहा हूं न, वो भी मरेगा, उसके भी छोटे छोटे बच्चे हैं, जैसे मेरी बच्ची है, कीड़ा लगेगा उसको, मरेगा सड़-सड़ के वो, पापा-मम्मी का ख्याल रखना, बाबू का ख्याल रखना। अपना ख्याल रखना, तुम बहुत स्ट्रांग हो। मुझे मालूम है...स्न्न्ड्ढश्व ड्ढह्व, बाय। इधर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी कृष्णा राठौर को गिरफ्तार कर लिया है।



## संपादकीय

### गुब्बारे से तनाव

जासूसी गुब्बारे तनाव का विषय बन गए हैं, तो इसके पीछे न केवल कुछ देशों का अविश्वास, बल्कि वह दुश्मनी भी है, जो बढ़ती चली जा रही है। अमेरिका में उड़ता पाया गया चीनी गुब्बारा चर्चा के केंद्र में है और चर्चा तनाव की ओर बढ़ रही है। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि चीन ने भारत और जापान सहित कई देशों को निशाना बनाते हुए जासूसी गुब्बारों का संचालन किया है। अमेरिकी सेना के लड़ाकू जेट ने देश में संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर तैर रहे एक चीनी जासूसी या निगरानी गुब्बारे को मार गिराया था। हालांकि, ऐसा कोई गुब्बारा भारत में चर्चा में नहीं आया है। क्या भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे गुब्बारों की सूचना है? अमेरिकी रिपोर्ट बताती है कि जासूसी गुब्बारे कई वर्षों से चीन के दक्षिणी तट से दूर हैनान प्रांत से संचालित होते आए हैं। जापान, भारत, वियतनाम, ताइवान और फिलीपींस सहित चीन उन तमाम देशों की जासूसी करता है, जो उसकी नजर में उभरती सामरिक ताकत हैं। क्या अमेरिकी आरोपों में सच्चाई है? क्या अमेरिकी आरोप चीन पर स्वाभाविक ही चिपक नहीं जा रहे हैं? अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि इन जासूसी गुब्बारों को आंशिक रूप से पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की वायु सेना द्वारा संचालित किया जा रहा है और इन्हें पांच महाद्वीपों में देखा गया है। चीन दूसरे देशों की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है। हालांकि, यह भी गौर करने वाली बात है कि ऐसे उल्लंघन किसी न किसी प्रकार से अमेरिका भी दशकों तक करता रहा है। अब ऐसी जासूसी को चीन भी अपना अधिकार मानने लगा हो, तो अचरज नहीं। विशेषज्ञ जानते हैं, चीन ने अमेरिका से ही सर्वाधिक सीखा है और अब भी अमेरिका में ही ऐसी विशेषताएं हैं, जिनसे प्रभावित होकर चीन सुधार के लिए प्रेरित हो सकता है। अगर यह मान लिया जाए कि पिछले सप्ताह अमेरिका में चार से ज्यादा गुब्बारे देखे गए हैं, तो अन्य देशों में कितने देखे गए हैं, यह महत्वपूर्ण सवाल है। चीन का दावा है कि गुब्बारा शोध का हिस्सा था और गलती से भटककर अमेरिका पहुंच गया। वास्तव में, चीन ने दुनिया को अविश्वास के इतने मौके दिए हैं कि उस पर सहज विश्वास करना मुश्किल है। आज दुनिया जिस मुकाम पर है, वहां बड़ी शक्तियों को ज्यादा समझदारी का परिचय देना चाहिए। युद्ध की मानसिकता से जल्द से जल्द निकल आना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन की बीजिंग की तय यात्रा स्थगित हो गई। चीन का गुब्बारा फोड़ दिया गया, तो चीन ने भी पूरे बचकानेपन के साथ प्रतिक्रिया दी कि वह भी ऐसा ही करेगा। गुब्बारे कभी युद्ध लड़ने की क्षमता की निशानी हुआ करते थे, लेकिन अब जासूसी का माध्यम बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून तो स्पष्ट है, गुब्बारे अपने देश की थल सीमा पार नहीं कर सकते और जल सीमा में लगभग 22 किलोमीटर दूर ही जा सकते हैं। समस्या संप्रभु हवाई क्षेत्र की ऊपरी सीमा के पार है। सैन्य विमान 13.7 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर उड़ते हैं, जबकि सुपरसोनिक जेट 18 किलोमीटर की ऊंचाई पर उड़ते हैं, खबर यह है कि चीनी गुब्बारा भी 18 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर देखा गया है। मतलब, गुब्बारे से जुड़ी विकसित तकनीक इस स्तर पर पहुंच गई है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों को संशोधित करने की जरूरत महसूस होने लगी है। बहरहाल, चीन चाहे, तो अपने अपनी कथित सकारात्मक शोध के बारे में दुनिया को बताकर आश्वस्त कर सकता है।

> “ चीन का दावा है कि गुब्बारा शोध का हिस्सा था और गलती से भटककर अमेरिका पहुंच गया। वास्तव में, चीन ने दुनिया को अविश्वास के इतने मौके दिए हैं कि उस पर सहज विश्वास करना मुश्किल है। आज दुनिया जिस मुकाम पर है, वहां बड़ी शक्तियों को ज्यादा समझदारी का परिचय देना चाहिए। युद्ध की मानसिकता से जल्द से जल्द निकल आना चाहिए।

## रिश्तों का गुब्बारा फूटा

राष्ट्रपति बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए। लेकिन एक गुब्बारे उनकी मंशा पर पानी फेर दिया है। जब रिश्तों को बनावटी ढंग से गुब्बारे की तरह उड़ाने की कोशिश की जाए, उनके कभी भी पंक्चर हो जाने की स्थिति बनी रहती है। ऐसा ही अमेरिका और चीन के संदर्भ में हुआ है। अमेरिका में चीन विरोधी भावना इतनी गहरी और व्यापक हो चुकी है, वहां किसी राजनेता या सरकार के लिए उससे संवाद करने की पहल करना भी जोखिम भरा हो चुका है। इसके बावजूद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए। जी-20 के पिछले शिखर सम्मेलन के समय दोनों देशों के राष्ट्रपति इंडोनेशिया के बाली में मिले। उसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन के बीजिंग जाने का कार्यक्रम बना। लेकिन एक गुब्बारे की अमेरिकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव इतना बढ़ा, कि ब्लिंकेन ने बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द कर दी। उधर ब्लिंकन का दौरा स्थगित होने को चीन ने सार्वजनिक तौर पर कोई तवज्जो नहीं दी। चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दरअसल अमेरिका और चीन ने कभी इस यात्रा के बारे में एलान ही नहीं किया था। अमेरिका ऐसी कोई घोषणा करे, तो यह उनका फैसला है।

वैसे यह पहली बार नहीं है, जब चीन का गुब्बारा अमेरिका में दाखिल हुआ हो। ट्रंप प्रशासन के दौरान कम-से-कम तीन बार ऐसे बलून देखे गए थे। बाइडेन के कार्यकाल में भी पहले एक बार ऐसा बलून देखा जा चुका है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि पहले कोई बलून इतने लंबे समय तक अमेरिकी क्षेत्र में मौजूद नहीं रहा। असल कहानी यह है कि बाइडेन प्रशासन इस बार भी गुब्बारे को ज्यादा तव्वजो देने के मूड में नहीं था। लेकिन रिपब्लिकन पार्टी ने उस पर तीखे हमलों की बौछार कर दी। बाइडेन को चीन के आगे एक कमजोर राष्ट्रपति बताया गया। तो प्रतिक्रिया में बाइडेन प्रशासन ने मिसाइल से गुब्बारे को मार गिराने का आदेश दिया। इस तरह उन्होंने अपनी मजबूती का संदेश दिया। लेकिन इस घटनाक्रमर से साफ हो गया कि दोनों देशों में संवाद से संबंध सुधरने की अभी कोई संभावना नहीं है।

## कोरोना की पाबंदियां सिर्फ संसद में!

कोरोना वायरस की महामारी लगभग समाप्त हो गई है। देश में कहीं भी इसे लेकर कोई पाबंदी नहीं है। ट्रेन से लेकर हवाईजहाज तक सब पूरी क्षमता से चल रहे हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर सरकारी दफ्तर तक सब जगह पाबंदी हटा दी गई है। लेकिन देश की संसद एकमात्र ऐसी जगह है, जहां कोरोना के समय की पाबंदियां अभी तक लागू हैं। कई सांसदों ने इसकी शिकायत की है लेकिन उनकी शिकायत के आधार पर कम से कम इस सत्र में कोई सुधार होने की संभावना नहीं दिख रही है। सांसदों ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि लोगों की संख्या नियंत्रित करने के नाम पर उनके निजी स्टाफ को संसद में आने से रोका जा रहा है।

सांसदों का कहना है कि संसद की दर्शक दीर्घा पूरी तरह से खोल दी गई है। हर दिन की कार्यवाही में दर्शक दीर्घा पूरी तरह से भरी रह रही है। लेकिन सांसदों के सहायकों को रोका जा रहा है। इसी तरह की शिकायत पत्रकारों की भी है। कोरोना के समय पत्रकारों की संख्या सीमित की गई थी। वह व्यवस्था आज तक चल रही है। अब भी लॉटरी के जरिए पत्रकारों के नाम निकाले जाते हैं और चुनिंदा पत्रकारों को ही संसद में जाने की अनुमति होती है। उम्मीद की जा रही है कि नए संसद भवन का उद्घाटन होने और वहां कार्यवाही शुरू होने के बाद शायद ये पाबंदियां हटें।

> “ अपने देश में भी लोग किसी न किसी आपदा का शिकार होते रहते हैं। ऐसे मौकों पर हमें रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाएं सक्रिय दिखती हैं, कभी-कभी कुछ सांस्कृतिक संगठन भी आगे आते हैं, लेकिन धार्मिक और मजदूर संगठन या शिक्षा केंद्रों द्वारा मदद के लिए आगे आने की जानकारी बहुत कम मिलती है।

# युद्ध और फिर आपदा का दर्द भारी

आनंद कुमार, समाजशास्त्री

प्रकृति ने हमारे लिए जो व्यवस्था की है, उसमें नदियों का बाढ़ से प्रभावित होना, धरती का भूकंप से कांपना और ज्वालामुखियों का अचानक रौद्र रूप धारण करना एक स्वाभाविक क्रिया है। मनुष्य ने अपने अनुभव से यही सीखा है कि उसको ऐसी परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, धीरज के साथ उनका सामना करना चाहिए और मानना चाहिए कि प्रकृति के नियमों का यदि हम सम्मान करें और एक-दूसरे की मदद करें, तो संकट टल सकता है।

आज यातायात और सूचना-प्रसारण का तकनीकी पक्ष इतना विकसित हो गया है कि हम दुनिया के एक से दूसरे कोने में एक-दूसरे की मदद के लिए साथ खड़े हो सकते हैं। मगर यह चिंता की बात है कि अपनी चेतना में हम सबसे ज्यादा प्राथमिकता निजी पारिवारिक संकट को देते हैं, फिर सामुदायिक समस्या को, और फिर थोड़ी-बहुत राष्ट्रीय आपदा को। हां, सरकारें जरूर एक-दूसरे की मदद करती हैं। उम्मीद यही की गई थी कि कल्याणकारी राज्य की कल्पना में वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से प्रेरित होकर सभी आधुनिक राज-सत्ताएं व सरकारें इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करेंगी और मुश्किल वक्त में एक-दूसरे की मदद का अपना धर्म बनाएंगी। धर्मगुरु दलाई लामा इसी को 'वैश्विक उत्तरदायित्व की भावना' कहते हैं, लेकिन नेपाल से लेकर तुर्किये तक हाल में जब लोग आपदाओं के शिकार हुए, तो कुछ देश जरूर आगे आए, लेकिन ज्यादातर देशों के लिए मानो चिंता की बात नहीं थी और वे अपनी रोजाना की समस्याओं में ही उलझे रहे। फिर चाहे रूस और यूक्रेन का युद्ध हो, अमेरिका में अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए बाकी दुनिया की अनदेखी हो या फिर आधुनिक सभ्यता के आकर्षण में फंसे वर्गों द्वारा निजी सुविधा बढ़ाने की होड़ हो।



संयुक्त राष्ट्र के गठन के समय कल्पना की गई थी कि यह विश्व नागरिकता को बढ़ावा देने वाला मंच बनेगा। सुख में तो लोगों के संग आने की प्रवृत्ति दिखती है, क्योंकि जहां भी अच्छी नौकरी, तनख्वाह या जीवन-स्तर है, वहां बाकी दुनिया के लोग आने के लिए कतार में खड़े मिलते हैं। मगर जहां दुख है, भूख है, अन्याय है, युद्ध है और सबसे बड़ी बात, प्राकृतिक आपदा है, वहां हम कम उत्साह दिखाते हैं। कभी-कभी यह मरघट का व्यापार जैसा हो जाता है, क्योंकि इनमें नागरिक संगठन, यानी एनजीओ अपनी कमाई का मौका बना लेते हैं, तो कुछ सरकारों के लिए यह अपनी राजनीति चमकाने का अवसर होता है। लिहाजा, हमें 21वीं सदी की मानवीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने इस दोष का दूर करना चाहिए।

यह संतोष की बात है कि भारत समेत कुछ देशों में आपदा प्रबंधन का एक विशेषज्ञ समूह अथवा संस्थान बनाया गया है। कुछ राज्यों में तो आपदा प्रबंधन के मंत्रालय भी बनाए गए हैं। यह बेहद जरूरी कदम है। उदाहरण के लिए, गुजरात में 2001 में जब भूकंप आया था, तब हम हतप्रभ हो गए थे। मगर बाद के वर्षों में, ओडिशा जैसे राज्यों में, जहां हर साल चक्रवात का संकट आता है, सरकार और समाज की साझेदारी से इंसानी जान को बचाया जाने लगा है। वहां अब चक्रवात से लोगों की मौत नहीं होती, क्योंकि पहले ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया जाता है। इसी तरह, यूरोप में, जहां पहले विश्व युद्ध में चार साल और दूसरे विश्व युद्ध में छह साल तक आम लोग इस मानव-निर्मित आपदा के कारण भोजन के लिए तरस गए थे, वहां के मजदूर संगठन, नागरिक संगठन और धार्मिक संगठन, तीनों सरकार से स्वतंत्र होकर आपदा प्रबंधन की अपनी-अपनी तैयारी करते हैं।

इसका अनुभव कुछ वर्ष पहले मुझे तब हुआ, जब ऑस्ट्रिया के एक विश्वविद्यालय ने अपने यहां पढ़ाने का निमंत्रण भेजा। मैंने वहां की नागरिक समितियों में विश्वविद्यालय की भूमिका को जाना। मैंने देखा कि एक बड़ा गोदाम था, जिसमें कई ट्रक सामान व्यवस्थित ढंग से रखे हुए थे, जिनमें कंबल, दवाएं, सूखा खाना, मेवा और कपड़े थे। वे मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों की मदद के लिए जुटाए गए थे। उनका कहना था कि सूचना मिलते ही एक घंटे से भी कम वक्त में नजदीकी हवाई अड्डे से वे सामान दुनिया के किसी भी कोने में पहुंचाए जा सकते हैं। इससे पता चलता है कि ऑस्ट्रिया के लोगों, और मोटे तौर पर यूरोप ने आपदाओं से कैसा सबक सीखा है।

अपने देश में भी लोग किसी न किसी आपदा का शिकार होते रहते हैं। ऐसे मौकों पर हमें रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाएं सक्रिय दिखती हैं, कभी-कभी कुछ सांस्कृतिक संगठन भी आगे आते हैं, लेकिन धार्मिक और मजदूर संगठन या शिक्षा केंद्रों द्वारा मदद के लिए आगे आने की जानकारी बहुत कम मिलती है। यह उचित नहीं है। व्यक्ति, समुदाय और विश्व, तीनों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। कोरोना संक्रमण-काल में यह जिम्मेदारी कुछ हद तक निभाई गई, लेकिन जरूरत यह है कि देश के हर जिले और नगर में तमाम संगठन आपदा-प्रबंधन को अपने काम-काज के क्षेत्र में स्थान दें। जिस तरह से देश में आबादी में सघनता बढ़ रही है, एक छोटी सी घटना भी भयंकर आपदा का रूप ले सकती है। इसीलिए जब हमने प्रकृति के तमाम तत्वों के साथ छेड़छाड़ कर दी है, तो उसके क्रोध का सामना करने के लिए आपदा प्रबंधन भी जरूर करना चाहिए। दुर्भाग्य से, संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाएं इसमें विफल साबित हुई हैं।

अच्छी बात है कि बड़े देशों की सरकारें कम से कम पड़ोसी-धर्म निभाती हैं। हमने भी नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका को संकट में मदद पहुंचाई है, लेकिन वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के तहत हमें पूरे विश्व को एक मानकर एक-दूसरे की मदद के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। इसी तरह, नागरिकों को भी यह बताया जाना चाहिए कि जिस तरह से वे अपने जीवन की सुरक्षा के लिए बीमा कराते हैं, उसी तरह, मानवता की रक्षा के लिए अपनी आय का एक छोटा हिस्सा जरूर सुरक्षित रखें। बिना इसके वैश्वीकरण का मानवीय पक्ष अधूरा रहेगा।


उम्मीद करनी चाहिए कि नई पीढ़ी आपदा प्रबंधन में हमारी पीढ़ी से बेहतर साबित होगी। उसका ज्ञान भंडार, सहयोग प्रबंधन व जोखिम झेलने की क्षमता हमसे बेहतर होगी। यही कामना इस समय तुर्किये में संकट झेल रहे लोगों की मदद में प्रकट होनी चाहिए और बिना किसी संकोच के उनका सहयोग करना हर व्यक्ति, समाज व सरकार का धर्म होना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हमें ऐसी एआई मशीनें चाहिए जो आसानी से समझ में आएं

बीजू डोमिनिक सीईओ, फाइनल माइल कंसल्टिंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास के साथ एआई उपकरणों को शक्ति देने वाले एल्गोरिद्म ऐसे 'ब्लैक बॉक्स' बन गए हैं, जिनकी व्याख्या करना मुश्किल है। यहां तक कि उपयोग में आने वाले एल्गोरिदम को बनाने वाले इंजीनियर या डाटा वैज्ञानिक भी यह नहीं समझ सकते या समझा सकते कि इस 'ब्लैक बॉक्स' के अंदर वास्तव में क्या होता है या एक खास एआई एल्गोरिद्म एक खास नतीजे पर आखिर कैसे पहुंचता है? इसलिए व्याख्या योग्य एआई या समझाने योग्य एआई की मांग बढ़ रही है। आज दुनिया में ऐसे उपकरणों की मांग बढ़ रही है, जिनके फैसलों या अनुमानों को हम इंसान समझ सकें।



किसी नतीजे पर कोई एआई उपकरण कैसे पहुंचा, यह समझने के अपने फायदे हैं। लोगों के लिए यह जानना जरूरी है कि एआई उनकी अपेक्षा के अनुरूप काम कर रही है या नहीं, नियामक मानकों को पूरा कर रही है या नहीं? अगर लोग यह जान पाए, तो वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के किसी निर्णय को चुनौती देने और बदलने में सक्षम हो सकेंगे। तकनीक को समझने के साथ ही जरूरी है कि इंसान खुद को भी समझाने में अच्छी तरह कामयाब हो।

हाल के दशकों में, तंत्रिका विज्ञान की सीखों ने दिखाया है कि इंसानी फैसलों की व्याख्या करना बहुत ही मुश्किल काम है, शायद नामुमकिन काम। मानव मस्तिष्क की प्रसंस्करण क्षमता के 110 लाख बिट्स में से 99.99 प्रतिशत से अधिक अचेतन स्तर पर काम करते हैं। बेंजामिन लिबेट के प्रयोगों से पता चला है कि इंसान द्वारा कथित तौर पर एक सचेत फैसला लेने से पहले 500 मिलीसेकंड का समय लगता है। कोई भी सचेत फैसला दिमाग के अचेतन स्तर से होकर गुजरता है। अनेक प्रयोगों में यह पुष्टि हुई है।

शुरुआती अवस्था में सीखने की तमाम गतिविधियां चेतन मस्तिष्क द्वारा निर्देशित होती हैं, लेकिन एक बार जब कोई व्यक्ति किसी कार्य में विशेषज्ञता हासिल कर लेता है, तो फिर उस काम की जिम्मेदारी गैर-चेतन हिस्सा संभाल लेता है। जैसे शुरू में हम पूरी तरह सचेत रहकर वाहन चलाते हैं, लेकिन सीखने के बाद हम वाहन चलाते हुए किसी दूसरी बात पर भी ध्यान देने लगते हैं। अक्सर देखा गया है, ज्यादातर उपभोक्ता अनुसंधान अध्ययनों में भी स्पष्ट है, लोग क्या कहते हैं और वास्तव में क्या करते हैं, के बीच भारी अंतर होता है। बार-बार सचेत करने की कोशिशें भी हानिकर होती हैं, इससे प्रदर्शन बिगड़ता है। सचेत सोच समझ में सहायता कर सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं, पर यह मानव मस्तिष्क के स्वाभाविक प्रदर्शन को बाधित करती है। इंसानी फैसले अरबों न्यूरॉन्स, खरबों सिनैप्टिक कनेक्शन और सैकड़ों न्यूरोट्रांसमीटर की गतिविधि का परिणाम हैं। इंसानी फैसले कई पूर्वाग्रहों से दूषित रहते हैं और यह एआई एल्गोरिदम द्वारा उपयोग किए जाने वाले डाटा में भी परिलक्षित होता है। न्यूरोसाइंटिस्ट स्वीकार करते हैं कि मानव मस्तिष्क के बेहद जटिल कामकाज को समझना और इंसानी फैसलों के लिए व्याख्यात्मकता प्रदान करना लगभग असंभव है। हालांकि, जटिल मानव मस्तिष्क की तुलना में, एआई एल्गोरिदम को अधिक व्याख्यात्मक बनाना आसान हो सकता है। हमें ऐसे एआई उपकरण चाहिए, जिनके काम के तरीके में पारदर्शिता हो। जो हमें सीधे संचालित न करें, बल्कि बेहतर निर्णय लेने में सहायक बनें। किसी भी एआई उपकरण पर हमारी खोज समाप्त नहीं होनी चाहिए। समझ की दक्षता से हमें कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

वैसे, बहुत ज्यादा स्पष्टीकरण या समझ का एक नकारात्मक पहलू भी है। जैसे-जैसे किसी चीज की समझ बढ़ती है, उसके लिए जिम्मेदार विशेषज्ञता का स्तर कम हो सकता है। फिर भी, मानव मस्तिष्क को समझने में कमी एआई उद्योग के लिए सुनहरा अवसर है। एआई कंपनियां सिर्फ डाटा पर निर्भर रहने के बजाय इंसानों को समझने-समझाने के बेहतर तरीके विकसित कर सकती हैं। ऐसी एआई मशीनों की जरूरत है, जो इंसानी कमियों की भरपाई कर सकें। ऐसी तकनीक ही उपयोगी सहयोगी के रूप में हमारी सेवा कर सकती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# स्वच्छता अभियान से ही स्वास्थ्य रक्षा

अरुण कुमार कैहरबा

बच्चे किसी भी देश या समाज का भविष्य होते हैं। बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी देश की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर होना चाहिए। लेकिन आंकड़ों को देखें तो बहुत से बच्चे एनीमिया का शिकार हैं। अभिभावक प्राय: शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा बहुत कमजोर है। वह बहुत चिड़चिड़ा हो गया है और उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता है। यह भी शिकायत रहती है कि बच्चे को खाया-पीया कुछ लगता नहीं है। कुछ बच्चे देखने में तो थुलथुल या मोटे हो सकते हैं, लेकिन उनमें खून की कमी पाई जाती है। बच्चों में एनीमिया या खून की कमी एक गंभीर समस्या है। शरीर में पोषक तत्वों की कमी रहती है। अन्य कारणों में इसका एक मुख्य कारण है- पेट के कीड़े, जिन्हें कृमि भी कहा जाता है। पेट के कीड़े परजीवी होते हैं, जो हमारे शरीर में रह कर शरीर से ही अपना पोषण पाते हैं। गोल कृमि (एस्केरिस), फीता कृमि, हुकवर्म, लिवेरफ्लूक, पिन कृमि, फाइलेरिया कृमि आदि सभी प्रकार के कृमि परजीवी हैं जो जीवों के शरीर में रह कर अपना पोषण करते हैं और फलस्वरूप बच्चों को बीमार कर देते हैं।

एक अनुमान के अनुसार दुनिया की आबादी का 150 करोड़ से अधिक या कुल आबादी का करीब 24 फीसदी भाग कृमि संक्रमित है। इनमें 83 करोड़ से अधिक बच्चों को परजीवी कृमि संक्रमण का जोखिम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 24 करोड़ से अधिक बच्चे परजीवी आंत्र कृमि से पीड़ित हैं। पेट में कृमि होने की अवस्था में बच्चे जो भी पोषाहार ग्रहण करते हैं, उसका फायदा बच्चों को नहीं मिल पाता है। पोषाहार का सारा रस कृमि चूसते रहते हैं और बच्चे के शरीर को कोई फायदा नहीं होता है। आंतों से चिपके भिन्न-भिन्न प्रकार के कीड़े खून भी चूसते रहते हैं, जिससे बच्चों में खून की कमी हो जाती है। उनका किसी भी काम में मन नहीं लगता है।



पेट में कीड़े होने के कारणों पर नज़र डालें तो अस्वच्छता इसका मुख्य कारण है। हमारे आसपास का अस्वच्छ वातावरण पेट में कीड़े जाने का मुख्य कारण है। अस्वच्छता के चलते कृमि हमारी त्वचा या खाने के जरिये पेट में जाते हैं। खुले में रखे खाने पर बैठी मक्खियां उसकी वाहक बनती हैं। गंदे बर्तनों और गंदे वातावरण में बना खाना खाने पर पेट में कृमि पैदा हो सकते हैं। खाना खाने से पहले हाथ नहीं धोना भी इसका मुख्य कारण बन सकता है। खुले में मल त्याग, भोजन से पहले हाथों का अच्छे से न धोया जाना, सब्जी फलों को बिना धोये खाना, नंगे पैर चलना, दूषित जल पीना, भोजन को ढक कर न रखना आदि बहुत से कारण हैं जिस वजह से इन कृमियों के अंडे मानव शरीर में पहुंच जाते हैं। जीवों के मल के साथ इनके अंडे शरीर के बाहर आते हैं और फिर विभिन्न माध्यमों से अन्य लोगों के शरीर में पहुंच जाते हैं।

कृमि से बचने के लिए स्वच्छता अपनाना सबसे जरूरी है। वातावरण की स्वच्छता और स्वच्छ पानी पीने से कृमि से बचा जा सकता है। बाजार में खुले में रेहड़ियों पर बिकने वाला जंक फूड भी बच्चों की खाने की आदतों को खराब कर रहा है। ऐसे सभी प्रकार के खुले में बिकने वाले खाने से परहेज करना चाहिए।

कृमि मुक्ति के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। स्कूल अध्यापकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग 1-19 वर्ष तक के सभी बच्चों व किशोरों और 20 से 24 वर्ष की सभी महिलाओं, जो गर्भवती न हों और स्तनपान न करवा रही हों, को कृमि मुक्त करना चाहता है। कृमि मुक्ति दिवस पर इस लक्ष्य समूह को कृमिनाशक एलबेंडाजोल की गोली दी जाएगी। 10 फरवरी को जो बच्चे किसी कारण से रह जाएंगे, उन्हें मॉप अप अभियान के तहत 17 फरवरी को एलबेंडाजोल दी जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू और आशा वर्कर द्वारा अध्यापकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से चलाया जाने वाला यह अभियान तभी पूर्णत: सफल होगा, जब इसके बारे में जन-जन जागरूक होगा। अभिभावकों द्वारा बच्चों को भी दवा लेने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बचपन में तो स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के स्कूल में आने पर ही टीके के डर से बच्चों की रूहें कांपने लगती थीं। बच्चों को टीके का डर सताने लगता था। आज भी चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली अत्यंत आवश्यक दवाई के बारे में बच्चों में कई तरह की आशंकाएं पाई जाती हैं। अध्यापकों द्वारा दी जाने वाली एलबेंडाजोल व कैल्शियम की बेहद महत्वपूर्ण गोलियों को भी कुछ बच्चों द्वारा फेंक दिया जाता है। अधिकतर राज्यों में कृमि मुक्ति अभियान दो बार चलाया जाता है। एलबेंडाजोल की टेबलेट से कुछ बच्चों के पेट में दर्द हो सकता है, तो इसका मतलब यही है कि उस बच्चे को इस दवा की सबसे ज्यादा जरूरत है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# खाद्य मंत्री ने किया 2.69 करोड के नल-जल योजना का भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने बुधवार को दरिमा तहसील के नानदमाली व बड़ादमाली में 2.69 करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजना का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम खिरखिरी में विद्युतीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। किसानों के करीब 10 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ किया गया। देश में धान का सबसे ज्यादा मूल्य छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राशनकार्ड पहले कई रंग का बनता था जिससे भ्रम की स्थिति निर्मित होती थी लेकिन अब एक ही रंग का कार्ड बन रहा है जिससे लोगों को सुविधा हो रही है। कोविड काल मे भी सरकार ने ईलाज, दवाई व खाने की व्यवस्था में पीछे नहीं रहा। सरकार लगातार बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था पर विशेष जोर दे रही है। हाल ही में स्कूल भवनों के मरमम्त के लिए सरगुजा जिले 847 भवनों के लिए 40 करोड़ की राशि स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, सरपंच पीयूष लकड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर शर्मा के मार्गदर्शन में आज समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 300 दिव्यांगजन उपस्थित हुए।



जिसमें पात्रतानुसार दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैटरी चलित ट्रायसायकल 02, सामान्य ट्रायसायकल - 08, बैसाखी - 04, व्हीलचेयर- 03, श्रवणयंत्र 02 एवं दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को 03 स्मार्टफोन वितरण किया गया। नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत 04 दंपत्तियों को संयुक्त रूप से 03 लाख रूपये का चेक वितरण किया गया। दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे, जिसमें विभाग विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर कुल 19 दिव्यांगजनों का तत्काल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया तथा 23 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया । उक्त शिविर में सहायक उपकरण एवं यूडीआईडी हेतु कुल 25 आवेदन तथा बस पास हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोगियों हेतु भोजन की व्यवस्था किया गया।

शिविर में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष शीबू नायर, गणमान्य नागरिक पीयूष सोनी सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे।

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने भूमकाल दिवस पर आदिवासी जननायक अमर शहीद गुंडाधुर को किया नमन

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमकाल स्मृति दिवस पर आदिवासी जननायक अमर शहीद गुंडाधुर को नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का आगाज करने वाले नायक गुंडाधुर का बलिदान हमेशा इतिहास में अमर रहेगा। श्री बघेल ने कहा है कि माना जाता है 10 फरवरी को 1910 में बस्तर के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। इस विरोध को बुलंद करने में आदिवासी जननायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इन्हीं जननायकों में से अमर शहीद गुंडाधुर के नेतृत्व में भूमकाल विद्रोह में आदिवासियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ डटकर संघर्ष किया। उनकी याद में छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र के स्थानीय लोग हर साल भूमकाल दिवस मनाते है। श्री बघेल ने कहा कि आदिवासी चेतना के प्रतीक के रूप में शहीद गुंडाधुर जनमानस में हमेशा जीवित रहेंगे। उनकी स्मृति में मनाया जाने वाला भूमकाल दिवस सदा हमें शोषण के विरूद्ध आवाज बुलंद करने का साहस देता रहेगा। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के हितों और अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने लोहंडीगुड़ा के आदिवासी किसानों की जमीन वापसी, बड़े पैमाने पर वन अधिकार पट्टे और वनोपजों से आय का वाजिब दाम वनवासियों को दिलाने के लिए त्वरित निर्णय लिये हैं। बड़े पैमाने पर वन प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना और गौठानों में मल्टीएक्टीविटी सेंटर की स्थापना से स्थानीय निवासियों के जीवन में बदलाव आया है। राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों और सकारात्मक पहल से आदिवासी भाईयों को आय का नया जरिया मिलने से उनका जीवन-स्तर ऊंचा उठ रहा है।

### मंत्री पटेल ने रायगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क

# ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार-उच्च शिक्षामंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम परसदा, मुरालीपाली, डोंगाढ़केल, पंडरीपानी और हरदीझरिया के जनसंपर्क दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने गांवों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि शासन गांवों तथा ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य शासन जितनी भी योजनाएं बना रही है, वो ग्रामीण विकास पर केन्द्रित है, जिससे गांवों और ग्रामीणों के विकास को नई रफ्तार मिल रही है।



शासन द्वारा वृहत स्तर पर कर्ज माफी की गई जिससे बड़ी संख्या में किसानों को राहत मिली है।

पूर्व में फसलों की मिलने वाली कीमत और लागत में बहुत कम अंतर था, जिससे किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाता था, लेकिन धान के समर्थन मूल्य में खरीदी के साथ ही कृषि आदान सहायता से आज किसानों को धान के साथ अन्य फसलों की बेहतर कीमत छत्तीसगढ़ में मिल रही है। जिससे लागत की तुलना में अधिक मुनाफा किसानों को हो रहा है और उनके हाथ में पैसे बच रहे हैं। शासन की योजना का असर है कि कृषि रकबे में वृद्धि हुई है और इस वर्ष धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश में खेती-किसानी की तस्वीर बदली है। राज्य शासन ने लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य घोषित कर संग्राहकों को भी आर्थिक राहत दिया है। आज देश में लघु वनोपज संग्रहण का बड़ा हिस्सा हमारे प्रदेश से आ रहा है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के जीवन स्तर उठाने का कार्य कर रही है, साथ ही गांवो की मूलभूत आवश्यकता जैसे पेयजल, भवन, बिजली, जल निकासी, रोड़ जैसे विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता से कर गांवों का विकास कर रही है। शासन बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए जिले और विकासखंड के बाद और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल रही है, जिससे बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे। वर्तमान के राशन कार्ड में बुजुर्गो का पॉश मशीन में अंगूठा आने की समस्या आ रही है, वो अपना नामिनी बना कर राशन प्राप्त कर सकते है। उन्हें राशन लेने में कहीं भी दिक्कत नही होगी। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत परसदा के ग्राम मुरालीपाली में ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार विभिन्न आयोजनों एवं कार्यों को करने के लिए शेड की घोषणा की एवं इसी प्रकार ग्राम मुरारीपाली, डोंगाढ़केल, पंडरीपानी, हरदीझरिया में सीसी रोड़, सांस्कृतिक चबूतरा, शेड, स्कूल अहाता और पानी टंकी जैसे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भी किया।

जनसंपर्क के दौरान उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम-डोंगाढ़केल में संचालित संचार संगठन द्वारा अनुरक्षित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, डीडीसी पुनीता दिलीप पटेल, घनश्याम पटेल, लक्ष्मी नारायण, सरपंच केराझर सरपंच लक्ष्मीन चौहान, सरपंच पंडरीपानी दिगम्बर प्रसाद राठिया, उपसरपंच धर्मेन्द्र पटेल, उपसरपंच श्रीमती भगवती साहू, पंच तीजोबाई, बाबू लाल साहू, चित्र सेन साहू, दीनू साहू, दिलीप पटेल, एसडीएम गगन शर्मा, जनपद सीईओ रूपेन्द्र पटेल, स्थानीय कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गुरूर विकासखण्ड में 09 अमृत सरोवर स्वीकृत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बालोद जिले के विकासखंड गुरूर में 09 अमृत सरोवर स्वीकृत हुए है। इन सभी 09 अमृत सरोवरों में जलसंरक्षण, जलसंचय तथा भू-जल स्तर में वृद्धि के कार्य किए जा रहे हैं। इन सभी अमृत सरोवरों के कार्यों में ग्रामीणों की जागरूकता एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के मिशन अमृत सरोवर के तहत 01 जनवरी 2023 से 15 अगस्त 2023 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। जिसमें ग्राम सभा का आयोजन, अमृत सरोवर के उपयोगकर्ता समूह की बैठक, महिला स्व सहायता समूह द्वारा डोर टू डोर अभियान और रैली, वृक्षारोपण अभियान, पंचायत भवन में दीवार लेखन, बैनर पोस्टर आदि से जागरूकता कार्यक्रम सहित विविध आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन अमृत सरोवर में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भविष्य के लिए उसे आजीविका के माध्यम के रूप में विकसित करना है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में अमृत सरोवर के रूप में तालाब का नवीनीकरण हो रहा है। इन कार्यों से ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिलेगा साथ ही अमृत सरोवरों से आजीविका के नए रास्ते खुलेंगे। इस कार्य में अब तक 332 परिवार के 532 श्रमिकों को 2531 मानव दिवस का रोजगार प्रदान किया जा चुका है। सभी श्रमिकों का मजदरी भुगतान एफटी.ओ. के माध्यम से उनके बैंक खातों में हुआ है, जिससे श्रमिक बहुत ही प्रसन्नचित है।

### सिविल लाइन्स में दो दिवसीय कविता, कहानी, गायन और विचार गोष्ठी का आयोजन कल से

# रायपुर में पहुंच रहे देश के नामचीन लेखक और कवि, घृणा के समय में प्रेम विषय पर आयोजित सेमिनार में करेंगे शिरकत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद की ओर से 11 व 12 फरवरी को 'घृणा के समय में प्रेम' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दो दिवसीय कविता, कहानी, गायन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। परिषद का यह आयोजन सिविल लाइंस के न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से प्रारंभ होगा और शाम छह बजे तक चलेगा।

इस आयोजन में नामचीन लेखकों और विचारकों के साथ वे कवि भी अपनी हिस्सेदारी दर्ज करेंगे जिन्हें आवाम का रचनाकार माना जाता है और युवाओं का एक बड़ा वर्ग पसंद करता है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज में व्याप्त सांप्रदायिकता और वैमनस्यता के माहौल के कारणों व स्त्रोतों पर बात की जाएगी। आज मनुष्य के विवेक को कुंद करते हुए जिस तरह से नफरत का वातावरण निर्मित किया जा रहा है, तब आपसी प्रेम व सौहार्द्र और मनुष्य के विवेक को सुरक्षित रखने में लेखक, साहित्यकारों और संस्कृतिकर्मियों की भूमिका कैसी हो सकती है इस पर बात की जाएगी। लेखक इस मुद्दे पर भी चर्चा करेंगे कि आपसी संवाद, सहिष्णुता, करुणा और प्रेम जैसे नैतिक मूल्यों को पुख्ता करने के लिए बेहतर ढंग से क्या किया जा सकता है।

विभिन्न सत्रों के रूप में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कहानी पाठ, कविता पाठ, परिचर्चा के साथ ही जनसरोकार से जुड़े गीतों और कविताओं पर महत्वपूर्ण ढंग से काम करने वाले इंडियन रोलर बैंड की प्रस्तुति भी होगी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ और युवा कवि विष्णु नागर, नासिर अहमद सिकंदर, राकेश पाठक, हरीश चंद्र पांडे, मदन कश्यप, कुँअर रवीन्द्र, नंद कुमार कंसारी, विनोद वर्मा, निधीश त्यागी, रजत कृष्ण, अदनान कफील दरवेश, संजय शाम, अंशु मालवीय, अनुपम सिंह, अरबाज खान, युवा कवि आमिर अज़ीज़, नवीन चौरे और कवि बच्चा लाल उन्मेष कविताओं का पाठ करेंगे।

इसी प्रकार वरिष्ठ साहित्यकार विष्णु नागर, प्रभु नारायण वर्मा, सियाराम शर्मा, मदन कश्यप, आशुतोष कुमार, विजेंद्र सोनी, वंदना चौबे सहित अन्य साहित्यकार विमर्श में भाग लेंगे.वहीं नामचीन कहानीकार राजेंद्र दानी, आनंद बहादुर, कैलाश बनवासी, कामेश्वर पांडेय, श्रद्धा थवाईत और राकेश मिश्र कहानी पाठ करेंगे। इस कार्यक्रम का संयोजन छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक राजकुमार सोनी कर रहे हैं।

### फाईलेरिया मुक्त के लिए कलेक्टर ने की अपील

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले को फाईलेरिया से मुक्त कराने के लिये 10 फरवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि रायगढ़ जिले को फ ाईलेरिया से मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाने वाले दवाओं का मिश्रण जरूर खायें ताकि हम सब मिलकर फाईलेरिया को इस जिले से हटा सके। सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्यूलेक्स नामक के मच्छर के काटने से फाईलेरिया बीमारी फैलती है और ये एक संक्रामक बीमारी है। जिसे सामान्य भाषा में हाथी पाँव नामक बीमारी कहते है। इस रोग से व्यक्ति किसी भी उम्र में संक्रमित हो सकता है।







## खास खबर...

### कस्टम मिलिंग के लिए 96.68 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पश्चात् अब कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अब तक 97 लाख 68 हजार से मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव की जा चुका है, जबकि 102 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में निरंतर धान का उठाव जारी है। इस वर्ष 107 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है।

गौरतबल है कि मुख्यमंत्री भूपेश की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 23 लाख 82 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। किसानों को धान खरीदी के एवज में भुगतान हेतु बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक को 22 हजार 67 करोड़ रुपए जारी किया गया है। अब तक कुल धान खरीदी 107.53 लाख मीट्रिक टन में से कस्टम मिलिंग के लिए 101 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 97 लाख 68 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है।

### शासकीय योजनाओं और नवीन तकनीक से उद्यानिकी क्षेत्र में किसानों को मिल रहा बड़ा लाभ

**रायपुर।** उद्यानिकी के क्षेत्र में शासकीय योजनाओं और नवीन तकनीक के संगम से सब्जी उत्पादकों व किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है। कृषि उपकरणों हेतु आसान मदद और नवीन तकनीकों के लिए शासकीय विभागों से मिल रहे मार्गदर्शन से किसान बेहतर सब्जी उत्पादन में हाथ आजमा रहे हैं।

ऐसे ही सब्जी उत्पादक कृष्ण दत्त बताते हैं कि वे पहले 5 एकड़ सिंचित रकबे में धान तथा मक्के की 2 खेती करते थे। पुरानी तकनीकी के उपयोग से कृषि में थोड़ी-बहुत ही आमदनी हो पाती थी। वे आगे बताते हैं कि जैसे ही उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के बारे में जानकारी मिली तो तुरंत विभाग से सम्पर्क किया। कोरिया जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के महोरा ग्राम के कृष्णदत्त को विभाग की ओर से टपक सिंचाई योजना का लाभ वर्ष 2019-20 में मिला। लगभग 1.29 लाख की लागत से 2.5 एकड़ से शुरुआत की। इस भूमि में ड्रीप लगाया गया है जिसमे 70 प्रतिशत विभागीय अनुदान तथा 30 प्रतिशत कृषक शेयर दिया गया है। कृष्ण दत्त बताते हैं कि इस नवीन तकनीक का उपयोग कर खेतों में मैंने उद्यानिकी फसल जैसे गोभी, मिर्च, बैंगन, टमाटर, कददू, पपीता लगाए हैं। जिससे 1 वर्ष में मुझे 8 से 10 लाख रुपए का लाभ हो रहा है।

# राम-वन-गमन परिपथ के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाएः मुख्य सचिव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राम-वन-गमन परिपथ के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वे आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में पर्यटन विभाग के अधिकारियों की बैठक में राम-वन-गमन परिपथ के कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य के उन जिलो में जहां राम-वन-गमन परिपथ के कार्य किए जा रहे हैं, उन सभी जिलों के कलेक्टरों को इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, पर्यटन मंडल, वन विभाग सहित अन्य विभागों से समन्वय कर कार्यों को जल्द पूर्ण कराया जाए।

मुख्य सचिव ने बैठक में राम-वन-गमन परिपथ के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति और पर्यटन स्थलों के विकास और निर्धारित स्थलों पर लगायी जाने वाली मूर्तियों के संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने परिपथ के मुख्य मार्ग और उप मार्गों पर निर्धारित दूरी पर वेलकम गेट और साइनेंस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि राम-वन-गमन पथ के मुख्य मार्ग सहित उप मार्गों की कुल लंबाई 2200 किलोमीटर से अधिक है। इन मार्गों के किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। जगह-जगह संकेतक, तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाएगी।

बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने सीतामढ़ी हरचौका (कोरिया), रामगढ़ (सरगुजा), शिवरीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंद्रखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा सप्तऋषि आश्रम (धमतरी), जगदलपुर (बस्तर) और रामाराम (सुकमा) में राम-वन-गमन परिपथ के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी पॉवरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से दी। बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., पर्यटन मंडल के एम.डी. अनिल साहू सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# एनपीएस-ओपीएस चयन के विकल्प के लिए हुई कार्यशाला



### अधिकारियों-कर्मचारियों की शंका का समाधान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवीन पेंशन योजना (एनपीएस) अथवा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के चयन हेतु अटल नगर नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन के ऑडिटोरियम हाल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला एनपीएस और ओपीएस को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों मन में उठे शंका का समाधान किया गया। कार्यशाला में वित्त नियंत्रक टीआर सोरी, अपर संचालक केएल रवि और आरपीएस चौहान सहित विभन्न विभागों के 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। गौरतबल है कि राज्य शासन द्वारा 1 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 के बीच नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए एनपीएस अथवा ओपीएस में रहने हेतु विकल्प प्रस्तुत किया गया है। कार्यशाला के माध्यम से कर्मचारियों के विकल्प चयन में होने वाली असुविधा एवं शंकाओं का निराकरण किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी आलोक राय ने बताया कि 1 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 के बीच नियुक्त शासकीय सेवकों को एनपीएस अथवा ओ. पी. एस में रहने हेतु विकल्प का चयन किया जाना अनिवार्य है। विकल्प चयन के लिए 24 फरवरी 2023 निर्धारित है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी आरपीएस चौहान और मोहम्मद इमरान खान ने तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी और कर्मचारियों के सवालों एवं शकाओं का समाधान किया।

# पत्रकारिता का उद्देश्य समाज की बुराईयों को दूर कर जागरूकता लाना हैः मंत्री गुरू रूद्रकुमार

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री शामिल हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ संभागीय पत्रकार सम्मेलन में

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग और मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार 08 फरवरी को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ संभागीय सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन का आयोजन मुंगेली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के द्वारा मंत्री गुरू रूद्रकुमार का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की विशेष भूमिका रहती है, पत्रकार आलोचना के माध्यम से गलतियां सुधारने का अवसर प्रदान करते है। पत्रकार एक तरह से समाज को जागरूक करता है। समाज के लोगों को एक पत्रकार विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां देता है, जिससे गांव के लोग किसान एवं मजदूर वर्ग के लोग भी जानकारी पाकर अपने जीवन में आगे बढ़ पाते हैं और जीवन में कई कार्यों में आगे बढ़कर अपने जीवन को बेहतर करते हैं। वास्तव में पत्रकार हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। पत्रकारिता का उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने और लोगों में जागरूकता लाना है। अगर लोग जागरूक होंगे तो सरकार जागृत होगी और सरकार जब जागरूक होगी तो लोगों के लिए भी बहुत कुछ अच्छा करेगी। उन्होने कहा कि शासन-प्रशासन के संज्ञान में समय-समय पर कमियों को उजागर करें। वहीं अच्छाइयों की प्रशंसा भी जरूर करें। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यालय भवन की मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी और पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा मंत्री गुरू रूद्रकुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य वशी उल्लाह खान, बिलासपुर कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, कृषि उपज मण्डी मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति प्राधिकरण के सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, प्रतिष्ठित नागरिक राकेश पात्रे, सागर सिंह बैस, मायारानी सिंह सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारीगण और स्थानीय पत्रकारगण उपस्थित थे।

# राजीव युवा मितान क्लब की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में राजीव युवा मितान क्लब योजना की कार्यकारिणी केन्द्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजीव युवा मितान क्लब की नियमावली में संशोधन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण रेणुजी पिल्ले भी शामिल हुई।

बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने राजीव युवा मितान क्लब की नियमावली के वर्तमान प्रावधानों की जानकारी प्रस्तुत की। इसी प्रकार से क्लब के वित्तीय नियमों के पालन एवं सुसंगत पंजियों का संधारण सुनिश्चित करने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया। इसी प्रकार से क्लब में शिक्षा, खेल, समाज सेवा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण में उच्च योग्यता रखने वाले युवाओं को प्राथमिकता देने का प्रस्तावित प्रावधान के बारे में सदस्यों ने अपने विचार रखें।

बैठक में राजीव युवा मितान क्लब योजना हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बजट में स्वीकृत राशि में से एक निश्चित राशि प्रशासकीय व्यय हेतु रखने और शेष राशि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित शासी निकाय के निर्देश पर संचालक खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को राजीव युवा मितान क्लब की जिला स्तरीय समिति के बैंक खाते में अंतरित करने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया। इसी तरह से राजीव युवा मितान क्लब द्वारा अनुदान राशि का व्यय करने वित्तीय नियमों का पालन कर राशि का आहरण तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक की तत्काल भुगतान आवश्यक ना हो। बैठक में अन्य प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव एनएन एक्का, जनसम्पर्क विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, विशेष सचिव नगरीय प्रशासन अयाज तम्बोली, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल शाश्वत वर्मा, संचालक पंचायत कार्तिकेय गोयल, प्रभारी अधिकारी राजीव युवा मितान क्लब रानू साहू, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्वेता सिन्हा, संयुक्त सचिव खेल एवं युवा कल्याण जी.एल. सांकला सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ के शोधार्थी एवं वैज्ञानिक अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के साथ कर सकेंगे अनुसंधान

### छत्तीसगढ़ सरकार, इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय और फिलीपिंस मनीला के अंतर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान संस्थान में हुआ समझौता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अब छत्तीसगढ़ में शोध कार्य कर रहे शोधार्थी और वैज्ञानिको को अब अंतर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान मनीला फिलीपिंस में अनुसंधान और शोध करने की सुविधा भी मिलेगी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार, इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय और मनीला के अंतर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान संस्थान में समझौता हुआ है। समझौते के तहत इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, मनीला के बीच एक त्रिपक्षीय आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेन्ट) पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने पिछले दिनों फिलीपिंस के मनीला स्थित अंतर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण पर थे। इस अवसर पर यह समझौता किया गया। डॉ. कमलप्रीत ने वहां स्पीड ब्रीडिंग कार्यक्रम का जायजा लिया।

डॉ. कमलप्रीत ने अनुसंधान संस्थान में विकसित किए जा रहे धान की नई किस्मों और अनुसंधान के बारे में वहां के वैज्ञानिकों से चर्चा की और आधुनिक तकनीकों की जानकारी ली। कृषि उत्पादन आयुक्त के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि विभाग की टीम ने मनीला के वैज्ञानिकों को छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों के साथ ही नरवा, गरूवा, घुरवा, और बाड़ी कार्यकम और गोधन न्याय योजना की विस्तार से जानकारी दी। जिसे अनुसंधान संस्थान मनीला के वैज्ञानिकों द्वारा सराहना की गई।

मनीला गए छत्तीसगढ़ की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में विश्व के सबसे बड़े धान जर्मप्लाज्म संग्रह में वहां 100 साल से अधिक समय के लिए संग्रहित धान की एक लाख 30 हजार से अधिक किस्मों का भी अवलोकन किया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस तकनीक को कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अपनाकर छत्तीसगढ़ में धान की नवीन किस्मों के विकास में तेजी लाने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने पर जोर दिया। कृषि उत्पादन आयुक्त की अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि छत्तीसगढ़ में धान की नवीन प्रजातियों के विकास हेतु धान अनुसंधान की नवीन तकनीकों के उपयोग हेतु अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करेगा। इस मौके पर इंदिरागांधी विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, आई आर आर आई के प्रजनन कार्यक्रम आधुनिकीकरण प्रमुख डॉ. संजय के. कटियार भी उनके साथ थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## मेयर ऑफ ईस्टटाउन में केट विंस्लेट के किरदार से प्रेरित है करीना कपूर का नया कैरेक्टर

बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर खान कई फिल्मों के साथ अपने चमकदार करियर में एक नए चरण की शुरूआत कर रही हैं। उन्होंने साझा किया कि आगामी हंसल मेहता फिल्म में उनका कैरेक्टर हॉलीवुड स्टार केट विंसलेट की मेयर ऑफ ईस्टटाउन में भूमिका से प्रेरित है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हंसल मेहता द्वारा निर्देशित द बकिंघम मर्डर्स की यूके में शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेत्री इसमें एक जासूस और मां की भूमिका निभा रही हैं जो बकिंघमशायर के एक कस्बे में एक हत्या की घटना की जांच करती है।उन्होंने वैरायटी को बताया, मुझे मेयर ऑफ ईस्टटाउन बहुत पसंद है और जब हंसल मेरे पास आए, तो मैंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं करना चाहूंगी। यह पहली बार है कि मैंने इसमें डब किया है।एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और महाना फिल्म द्वारा निर्मित यह परियोजना करीना की पहली निर्माता के रूप में भी है। करीना ने फिल्म निर्माता सुजॉय घोष द्वारा जापानी लेखक हिगाशिनो कीगो के 2005 के बेस्टसेलिंग उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स के भारतीय रूपांतरण को भी पूरा किया है। इसके अलावा करीना के पास तब्बू और कृति सेनन के साथ राजेश कृष्णन की द क्रू है, जिस पर मार्च में काम शुरू होगा। इसको लेकर करीना ने कहा, द क्रू वह फिल्म है जो चमकदार और ग्लैमर से भरपूर है। और यह एक कॉमेडी फिल्म है। यह पूरी तरह से हिंदी मसाला व्यावसायिक फिल्म होगी।

## सेल्फी का गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज अक्षय कुमार संग दिखीं मृणाल ठाकुर

अक्षय कुमार पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। दर्शक ब्रेसबी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को बेहद पसंद आया था। अब गुरुवार को निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज कर दिया है। इसमें अक्षय के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आ रही हैं। गाने में अक्षय, मृणाल संग रोमांस करते दिख रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री शानदार लग रही है। ओरिजिनल गाने को द प्रोफेक और जहरा खान ने गाया है और इसे सेल्फी के लिए तनिष्क बागची ने रीक्रिएट किया है। हालांकि, तनिष्क ने गाने में कुछ नए बोल भी जोड़े हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही सेल्फी में पहली बार अक्षय और इमरान हाशमी बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। फिल्म में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी भी अहम भूमिका में हैं। यह 24 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मृणाल ने करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उन्होंने 2018 में फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद वह फिल्म सुपर 30 में नजर आईं। बाटला हाउस और फरहान अख्तर के साथ फिल्म तूफान में भी उन्हें देखा गया। मृणाल अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म धमाका में भी दिखी थीं। उनकी आखिरी फिल्म शाहिद कपूर के साथ जर्सी थी। जल्द ही मृणाल आंख मिचौली, पिप्पा, पूजा मेरी जान और गुमराह जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। अगर आप मृणाल के प्रशंसकों में शुमार हैं तो आप घर बैठे उनकी कई फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। उनकी फिल्म तूफान अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। जर्सी नेटफ्लिक्स पर है। बाटला हाउस अमेजन प्राइम वीडियो पर तो सुपर 30 हॉटस्टार पर है। अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल की बायोपिक कैप्सूल गिल का हिस्सा हैं। इसके अलावा फिल्म सिंघम अगेन में वह सूर्यवंशी के अवतार में नजर आने वाले हैं।

## विजय सेतुपति बहुत ही मासूम हैंः शाहिद

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर अपने अपकमिंग सीरीज फर्जी की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। पहली बार शाहिद ने साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय स्टार विजय सेतुपति के साथ काम किया। शाहिद ने कहा किया कि उन्हें वह बेहद मासूम लगे। विजय के बारे में बात करते हुए, शाहिद ने आईएमडी ओरिजिनल बर्निग क्वेश्चन पर कहा: वह जिस तरह से सामने आते हैं, वह बहुत ही बच्चों जैसा और मासूम है। एक एक्टर के रूप में उनमें बहुत ईमानदारी है, और वह एक अभिनेता के रूप में भी अप्रत्याशित है। वह एक प्योर आर्टिस्ट है। जब आप उनके साथ काम करेंगे, तो आप इन सब चीजों को महसूस कर पाएंगे। उनके साथ काम करने में एक अलग खुशी थी। फर्जी की स्ट्रीमिंग को लेकर, शाहिद ने कहा, मैं शो से बहुत खुश हूं। जब आप अपने काम को लेकर संतुष्ट महसूस करते हैं, तो आप बहुत सारी घबराहटों से दूर हो जाते है। मैं इसे लोगों के साथ साझा करने के लिए काफी उत्साहित हूं। मैं पहली बार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हूं और यह लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए बेसूब्री से इंतजार कर रहा हूं। शाहिद ने 20 साल पहले हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। किसी एक फिल्म का नाम लेने पर, जो वह हर किसी को दिखाना चाहते हैं, इस पर शाहिद ने कहा, जाने भी दो यारो एक ऐसी फिल्म है जिसे मैं चाहता हूं कि हर कोई देखे। इसमें पापा (पंकज कपूर), नसीर अंकल, सतीश कौशिक जी और कुछ शानदार कलाकार है। मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने इसे देखा है। इसमें एक अभिनेता के रूप में विधु विनोद चोपड़ा भी है। वे सभी दोस्तों का एक समूह थे, जो एक साथ आए और इसे बनाया। कुंदन शाह ने इसे निर्देशित किया था। यह मैंने देखी और मुझे सबसे मजेदार फिल्मों में से एक लगी। यह फिल्म मुझे कभी भी हंसा सकती है। यदि आप एक मजेदार समय बिताना चाहते हैं, तो बस इसे देखें, यह बढ़िया है।

# कपिल शर्मा का डेब्यू एल्बम अलोन हुआ रिलीज, अलग अंदाज में नजर आए कॉमेडियन



जाने माने मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा का सिंगिंग डेब्यू हो गया है। वेलेनटाइन डे वीक में कपिल शर्मा एवं गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन गाना लेकर हाजिर हो चुकी है। जब से कपिल शर्मा ने अलोन से अपने म्यूजिक डेब्यू की घोषणा की थी, तब से प्रशंसक गाना देखने के लिए उत्साहित थे। हर कोई देखने को बेकरार था कि कपिल शर्मा और गुरु रंधावा की जोड़ी अलोन में क्या धमला मचाने वाली है।

कपिल शर्मा मनोरंजन जगत की वो हस्ती हैं, जिन्हें देखते ही लोगों के चेहरे पर मिलियन डॉलर स्माइल आ जाती है। प्रशंसकों को उम्मीद रहती है कि कपिल जब भी सामने आएंगे, सबको गुदगुदा कर ही जाएंगे। लेकिन सॉरी बॉस। इस बार कपिल शर्मा ने आपकी उम्मीदों से हटकर काम किया है। हमेशा हंसने-हंसाने वाले कपिल शर्मा अलोन में रोते हुए नजर आए। गुरु रंधावा, कपिल शर्मा एवं योगिता बिहानी स्टारर अलोन सॉन्ग दिल टूटे आशिकों पर फिल्माया गया है। गाने में कपिल शर्मा, योगिता बिहानी के प्यार में डूबे दिखाई दिए। पर कपिल शर्मा और योगिता बिहानी की लव स्टोरी का एंड हैप्पी नहीं होता है। योगिता बिहानी, कपिल शर्मा को खूबसूरत यादों के साथ छोड़कर चली जाती हैं तथा आखिर में कपिल की आंखों में आए आंसू प्रशंसकों को अपसेट कर सकते हैं। वही गुरु रंधावा और कपिल शर्मा की जोड़ी म्यूजिक वीडियो में अपना बेस्ट देते नजर आए। गाने के लिरिक्स पर कपिल शर्मा ने अपने एक्सप्रेशन से पूरी लाइमलाइट लूट ली। कपिल की आवाज और एक्सप्रेशन ने प्यार की खुशी एवं दर्द को बखूबी बयां किया है।

# फिल्म मर्डर मुबारक में सारा अली खान ने ली जान्हवी कपूर की जगह

**जान्हवी कपूर फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आने वाली थीं। वह इसे लेकर बेहद उत्साहित थीं और उन्होंने इसमें खासी दिलचस्पी भी दिखाई थी, लेकिन फिर अचानक वह इससे पीछे हट गईं। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह दूसरी हीरोइन की तलाश शुरू हुई। अब खबर है कि इसके लिए सारा अली खान का नाम फाइनल हो गया है। सारा को फिल्म में पहली बार अभिनेता विजय वर्मा के साथ देखा जाएगा।**



रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के जरिए पहली बार सारा और विजय साथ काम करने वाले हैं। विजय, वही, जो इन दिनों अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सारा और विजय साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, वहीं पर्दे पर इस नई-नवेली जोड़ी को देखना दर्शकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। विजय की जगह पहले इसमें आदित्य रॉय कपूर को साइन किया गया था।

जल्द ही कई नई जोड़ियां पर्दे पर दिखेंगी। जहां तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी बनी है, वहीं बवाल में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आएंगे। इस फेहरिस्त में प्रभास-कृति सैनन और शाहरुख खान-तापसी पन्नू भी शुमार हैं।

जान्हवी फिल्म में काम करने को तैयार थीं, लेकिन जूनियर एनटीआर अभिनीत उनकी दूसरी फिल्म की डेट्स इससे टकरा रही थीं। लिहाजा जान्हवी ने यह फिल्म छोड़ दी। वैसे भी वह जानती थीं कि एनटीआर संग काम करना उनके लिए फायदे का सौदा साबित होगा। दूसरी तरफ आदित्य ने फिल्म से इसलिए किनारा किया, क्योंकि उसी बीच उनके पास अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो..इन दिनों का प्रस्ताव आ गया। आदित्य भी मर्डर मुबारक के बजाय मेट्रो..इन दिनों से जुड़ गए।

मर्डर मुबारक का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं और इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजान हैं। फिल्म अनुजा चौहान के उपन्यास क्लब यू टू डेथ पर आधारित है। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। दिल्ली के एक बड़े और रसूखदार क्लब में एक ट्रेनर का मर्डर हो जाता है, जिसकी जांच सौंपी जाती है एसीपी भवानी सिंह को। फिल्म में यह किरदार पंकज त्रिपाठी निभा रहे हैं। सारा-विजय फिल्म में इसी केस की गुत्थी सुलझाने में उनकी मदद करते दिखेंगे।

सारा जल्द ही फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में नजर आएंगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। वह निर्देशक जगन शक्ति के साथ उनकी अगली फिल्म में काम कर रही हैं। लक्ष्मण उतेकर की फिल्म भी सारा के पास है। गैसलाइट भी सारा की आगामी चर्चित फिल्म है। दूसरी तरफ पिंक, गली बॉय, बागी 3 और डार्लिंग्स जैसी कई सफल फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके विजय जल्द ही फिल्म द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स में दिखेंगे।

# बच्चे को ब्रश कराने का सही तरीका और सही उम्र क्या है?

जब बात छोटे बच्चों की देखभाल और साफ-सफाई की आती है तो उसमें ओरल हाइजीन यानी मुंह की सफाई का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में बहुत सी नई मांओं के मन में अक्सर यह सवाल होता है कि आखिर किस उम्र में उन्हें बच्चों को ब्रश कराना शुरू करवाना चाहिए और आखिर शिशु को ब्रश करवाने का सही तरीका क्या है? तो अगर आपके मन में भी इस तरह का कोई सवाल है या फिर कोई कन्फ्यूजन है तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है...



### डेढ़ साल के बाद ही ब्रश इंट्रोड्यूस करें


आमतौर पर नवजात शिशु में 6 महीने की उम्र के बाद दांत निकलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि दांत निकलने के साथ ही आप बच्चे को ब्रश करवाने लगें। बच्चा जब तक साल-डेढ़ साल का न हो जाए उसे ब्रश बिलकुल न करवाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि शिशु के मसूढ़े बेहद कोमल और मुलायम होते हैं और साल भर से पहले ब्रश का इस्तेमाल करने से शिशु के मसूढ़ों को नुकसान पहुंच सकता है। साल-डेढ़ साल का हो जाने के बाद अगर आपके बच्चे के मुंह में नीचे-ऊपर कई दांत आ गए हों तो आप बच्चे को ब्रश इंट्रोड्यूस करवा सकती हैं।

### दिन में 2 बार ब्रश करने की आदत डालें

डेढ़ साल की उम्र के बच्चे को आप आसानी से दिन में दो बार ब्रश करने की आदत डाल सकती हैं। भले ही आपका बच्चा छोटा हो और डेढ़ साल का न हुआ हो लेकिन तब भी बच्चे के मसूढ़े और जीभ की साफ-सफाई हर दिन करना बेहद जरूरी है। इससे बच्चा फ्रेश महसूस करेगा और उसे खाने की इच्छा होगी। इसके लिए बच्चे का मुंह खोलें और फिर नर्म सूती कपड़े को गुनगुने पानी में भिगोकर उसी से बच्चे का मसूढ़ा और जीभ साफ कर दें। इस प्रक्रिया में देखना ये होगा कि कहीं शिशु के मुंह में ज्यादा रगड़ ना पड़ जाए।

### ऐसे चुनें बच्चे का टूथब्रश

- बच्चे का ब्रश खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि वह कलरफुल हो ताकि बच्चा उसकी तरफ अट्रैक्ट हो।
- बच्चे का टूथब्रश बेहद नर्म और मुलायम होना चाहिए ताकि मसूढ़ों को नुकसान न हो।
- बच्चे के लिए फ्लोराईड मुक्त टूथपेस्ट का चयन करें।
- प्रत्येक 3 महीने के बाद बच्चे के टूथब्रश को बदल देना चाहिए।
- बच्चे के मुंह में जोर से रगड़कर साफ करने की बजाए हल्के हाथों से ब्रश को घुमाएं।
- शुरुआत में बच्चे को रोज़ एक निश्चित स्थान पर बिठाकर ब्रश करवाएं इससे वो सुबह जगते ही ब्रशिंग के लिए खुद को रेडी कर लेगा
- रात में खाना खाने या दूध पीने के बाद भी बच्चे को ब्रश जरूर करवाएं। इससे दातों में सड़न की समस्या नहीं होगी।



## रकुल प्रीत सिल्वर लहंगे में लगीं बेहद हसीन, तस्वीरें देख उड़ जाएंगे होश

बॉलीवुड की हसीन अदाकारा रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर किए हैं. एक्ट्रेस के लहंगा लुक ने सनसनी मचा दी. उनकी हर अदा क़ातिलाना है. आप भी देखिए रकुल की दिलकश अदाएं. रकुल प्रीत ने शिमरी लहंगे में बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. उनके फोटोज ने एक बार फिर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. एक्ट्रेस का एथनिक लुक यूज़र को काफी अट्रेक्ट कर रहा है. तस्वीरों को खूब लाइक मिल रहे हैं. बोल्डनेस, सुंदरता और फिटनेस में रकुल प्रीत किसी से पीछे नहीं है. उनकी हर अदा के फैंस दीवाने हैं. सिल्वर लहंगे में एक्ट्रेस की तस्वीरें तेज़ी से इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. न्यूड मेकअप और ओपन हेयर ने उनकी खूबसूरती को और बढ़ा दिया है. रकुल शिमरी लहंगा पहने काफ़ी गॉर्जियस लग रही हैं. फोटोशूट में वो किलर पोज़ देती नज़र आ रही हैं. इंस्टा पर एक्ट्रेस के 22.7 मिनियन फॉलोअर्स हैं. उनके चाहने वालों की तादाद दिन व दिन बढ़ती जा रही है.



# फ्रिंज हेयरस्टाइल के लिए पार्लर जाने की जरूरत नहीं, घर पर ही करें ट्राई

क्या आपने भी कभी फ्रिंज या बैंग्स हेयर कट करवाने के बारे में सोचा है? वैसे तो ज्यादातर लड़कियां या महिलाएं अपने बड़े माथे को छिपाने के लिए इस हेयरस्टाइल को अपनाती हैं जिससे कि उनके बड़े माथे के कारण उनका फेस अजीब न लगे। लेकिन बहुत से लड़कियां और लेडीज इस स्टाइल को पसंद करती हैं और इसलिए इस हेयरस्टाइल के लिए सलून में काफी ज्यादा पैसे भी खर्च करती हैं। लेकिन अब आपको इसके लिए फिजूल के पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है। इस बेहतरीन हेयरस्टाइल को आप अपने घर पर ही कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक आइना, तेज कैंची, थोड़ा-सा पानी और ढेर सारी हिम्मत की जरूरत पड़ेगी। ये ध्यान रखें कि बाल काटते समय आपका हाथ जरा भी न कांपे, नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं और आपकी हेयरस्टाइल खराब हो सकती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

इस हेयरस्टाइल के लिए बाल काटते समय सबसे पहले आपको दो चीजें पता होनी चाहिए। पहली ये कि किस तरह का फ्रिंज आपके फेस पर अच्छा लगेगा। क्योंकि फ्रिंज भी दो तरह के होते हैं एक स्ट्रेट फ्रिंज और दूसरा साइड फ्रिंज । स्ट्रेट फ्रिंज लंबे चेहरे पर या पियर फेस पर अच्छा लगता है और साइड फ्रिंज गोल या अंडाकार फेस पर सूट करता है। ये आपके चेहरे को काफी आकर्षक बनाता है। दूसरी चीज ये ध्यान में रखें कि आपके बाल कैसे हैं आपके बाल स्ट्रेट और भारी हैं, मौसी हैं या वाइल्ड या कर्ली हैं। स्ट्रेट और भारी बालों के लिए स्ट्रेट फ्रिंज बेस्ट है। इसके अलावा स्ट्रेट फ्रिंज कर्ली बालों पर भी अच्छे लगते हैं। फ्रिंज के लिए बाल ज्यादा छोटे न काटे थोड़े लंबे बाल ही सही रहेंगे क्योंकि बाल सूखने के बाद कर्ल हो जाएंगे। अगर आप छोटे बाल काटती हैं तो ये सूखने के बाद कर्ल होकर और छोटे हो सकते हैं।

### कैसे काटें

- सिर के सबसे ऊपर बीच से अपने बालों को आईब्रोज की दिशा में तीन भागों में डिवाइड करें। बाल डिवाइड करने के बाद आईब्रोज के हाई आच में खत्म होने चाहिए।
- बीच के बालों को सामने रखें और बाकी बालों को चेहरे से हटाकर क्लिप कर लें।
- जिन बालों को काटना है उन्हें गीला करें। बालों को अपने मिडिल फिंगर और इन्डेक्स फिंगर के बीच में एकदम स्ट्रेट लाइन में माप लें जो कि आईब्रोज के ठीक ऊपर खत्म हो रहा हो और इसे अच्छी तरह से रखें।
- कैंची लें और जो बाल आपने उंगलियों के नीचे माप कर रखा है उसे काट लें।
- अब उंगली हटाएं, कटे बालों को कंघी करें और ध्यान से देखें अगर कोई बाल छूट रहा हो तो उसे सावधानी से स्ट्रेट लाइन में काट लें। आपके फ्रिंज कटकर तैयार हैं।

**टिप:-** अगर आपके बाल थोड़े फ्रिजी या कर्ली और भारी हैं तो फ्रिंज को आईब्रोज के थोड़े नीचे से काटें। आप कान के पीछे करने के लिए भी फ्रिंज रख सकती हैं या स्ट्रेट कट भी कर सकती हैं। आप अपनी पसंद के हिसाब से कोई भी स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332


# लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार करने शासन चला रही कई योजनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजिम। किसानों की आय बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से किसानों को लाभ हो रहा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार किसानों को खेती के साथ ही पशुपालन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। राजिम माघी पुन्नी मेला में लगे गरियाबंद जिला की ओर पशुधन विकास विभाग में मेलार्थी को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उससे मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही कई लोगों द्वारा त्वरिक रूप से मिलने वाले योजनाओं का लाभ भी ले रहें हैं।




सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी जिनेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि स्टॉल में विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन योजनाओं के लाभ व सब्सिडी मिलने की जानकारी दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं में अनुदान पर बकरा वितरण, अनुदान पर सूकरत्रयी का वितरण, अनुदान पर नर सूकर वितरण, उन्नत मादा वत्स पालन योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, शत प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण, ग्रामोत्थान योजना/चरवाहा प्रोत्साहन योजना, प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, वैकल्पिक पशु आहार - अजोला, बटेर पालन जापानी बटेर पालन का महत्व, बत्तख पालन, अनुदान पर डेयरी उद्यमिता विकास योजना, अनुदान पर बकरी पालन उद्यमिता विकास योजना, अनुदान पर पोल्ट्री वेन्चर कैपिटल फण्ड योजना, चारा उत्पादन आदि संचालित है। इन योजनाओं में अलग-अलग वर्ग के हिसाब से सब्सिडी भी दी जाती है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना और बढ़ाना है। सहायक अधिकारी श्री निषाद ने बताया कि विभागीय कार्य जिसमें पशुओं के बचाव हेतु विभाग द्वारा निशुल्क टीकाकरण, एचएस, एफएमडी, बीक्यू, एलएसडी, ब्रूसेलोसिस टीकाकरण, बकरियों के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण, पीपीआर एंटेरोटॉक्सेमिया, मुर्गियों के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण, रानीखेत हाउस पाक्स स्ट्रेन, शुकर के बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण स्वाइन फ्लू, कुत्तों में निशुल्क टीकाकरण एंटीरेबीज एवं निशुल्क बांझपन निवारण शिविर समय-समय पर विभागीय द्वारा लगाया जाता है। इसकी जानकारी भी उपलब्ध करा रही है।

# राजिम पुन्नी मेला में लोगों को मिल रही बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और लोगों को अपने स्वास्थ्य बनने बिगड़ने की कतई चिंता करने की जरूरत नहीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा धमतरी, रायपुर और गरियाबंद जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम तीन अलग-अलग जगहों पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। यहां आने वाले लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया करवा रही है। स्वास्थ्य विभाग का स्टॉल मेला स्थल के नदी क्षेत्र में धमतरी जिले का भगवान श्री कुलेश्वारनाथ महादेव के पीछे, रायपुर जिला के नेहरू घाट के पास एवं गरियाबंद जिले का मुख्यमंच के पास विभागीय प्रदर्शनी के पास लगा हुआ है। इसके अलावा मीना बाजार में भी डॉक्टरों की टीम तैनात है।



सीएमएचओ डॉक्टर केसी उराव के मार्गदर्शन में सभी जगहों की टीम अपनी सेवाएं दे रही हैं। एलोपैथिक चिकित्सा के प्रभारी पीके कुदेशिया और सह प्रभारी डॉ वीरेंद्र हिरौदिया, आयुर्वेद चिकित्सा के प्रभारी डॉक्टर ऐश्वर्या साहू एवं सह प्रभारी विनोद ठाकुर की निगरानी में आरएचओ, ओआरएमओ एवं सीएचओ कार्यरत हैं। जिनमें देवव्रत शर्मा आरएमए, डॉ मिथिलेश ठाकुर होमियो चिकित्सा अधिकारी, डॉ विनोद ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, ओंकार साहू सीएचओ, ओम प्रकाश साहू आरएचओ, टेकन साहू आरएचओ, भारत साहू एवं आयुर्वेद भारत के मुकेश सेन अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### एलोपैथिक और आयुर्वेद में 14 सौ लोगों का जांच

डॉक्टरों की टीम ने बताया कि अभी तक एलोपैथिक में 778 लोगों को दर्द, बुखार, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त की दवाईयां एवं सैकड़ों लोगों की बीपी शुगर की जांच की गई है। इसी तरह आयुर्वेद में 600 लोगों और होम्योपैथिक के 233 लोगों को निशुल्क दवा प्रदान की गई है। सुबह 8:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक डॉक्टरों की टीम परामर्श और उपचार के लिए तैनात है। डॉक्टर हिरौदिया ने बताया कि पूरा मेडिकल टीम तैयार हैं। मेला क्षेत्र में अस्थायी ओपीडी बनाया गया है। यहां 5 बेड बनाया गया है जो इमरजेंसी के लिए रखा गया हे। एंबुलेंस के आने तक यहां इलाज नि:शुल्क रूप से किया जाता है। किसी को चक्कर या अचानक तबीयत खराब होने पर उसका तत्काल उपचार किया जा रहा है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा

स्टॉल में विशेष बात है कि यहां आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं पंजीकृत मोबाइल नंबर लाने की जरूरत है। इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विश्व स्तरीय उच्च गुणवत्ता की डांट से दवाई दी जा रही है।

स्वास्थ्य जागरूकता के लिए टीवी के लक्षण, जांच एवं मरीज का उपचार कैसे हो, कहां से हो इसके लिए पाम्पलेट के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं।

### मानसिक विकार के इलाज की मिल रही जानकारी

इसके अलावा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गरियाबंद स्वास्थ्य विभाग की ओर से मन उपचार केंद्र में इलाज किए जाने की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। मानसिक विकार के इलाज की जानकारी दे रहे हैं। बताया जा रहा कि नशीली दवाओं और शराब से बचें और खुद को ठीक होने का समय दें। अभी वर्तमान समय में मानसिक तनाव का भार अधिक झेल रहे हैं इसे दूर करने के लिए टीम के द्वारा बताया जा रहा है कि तनाव जिंदगी का एक हिस्सा है। यह अधिक कार्य या अधिक इच्छापूर्ति का परिणाम है। तनाव हमेशा हर किसी में समान रूप से प्रदर्शित नहीं होता इसलिए एक तनाव मुक्त जीवन के लिए जानकारी दी जा रही है।

वहीं नशा नहीं करने तथा नशा के दुष्परिणाम को बताया जा रहा है। इसके अलावा कई रोगों का आयुर्वेद से इलाज की जानकारी दी जा रही है। जिसमें पेट की गैस व चोट मोच में अजवाइन, सर्दी, जुकाम, अपचन, अम्ल, पित्त में अदरक, घाव-सूजन, शीत पित्त एलर्जी में हल्दी का उपयोग, जीरा, धनिया, हींग, काली मिर्च, प्याज, लहसुन से भी कई रोगों का उपचार किया जा सकता है। इसके अलावा गैर संचारी रोग की सामान्य जानकारी एवं बचाव के तरीके जिनमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर के प्रमुख रूप से होने वाले गर्भाशय, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, दमा अन्य बीमारी सम्बंधित उपचार आदि की जानकारी दी जा रही है।

## राजिम मेला में बनी झांकिया कर रही आकार्षित

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में घुमने आए मेलार्थी को कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पास बने झांकियां बहुत आकार्षित कर रही है। जय भूलोक-नगर लोक की झांकी में भैंस पर सवार यमराज द्वार पर दिखाई दे रहा है। उन्हे देख मेलार्थी अंदर की झाँकी को देखने के लिए टिकट लेकर जा रहें है। अंदर जाने पर झाँकी में भू-लोक में होने वाले पापों को दिखाया गया है। जिसमें शराब पीने वाले, मोहल्ले में गाली-गलोज करने वाले, पढ़ाई के स्थान पर मोबाईल में गेम खेलने वाले, नेता द्वारा झूठ बोलने पर, दहेज लेने आदि ऐसे पापों की सजा झाँकी में दिखाया गया है। इसकी सजा को नरक लोक में दिखाया गया है। जैसे शराब पीने वाले लोगों को मगरमछ खा रहा है। पढ़ाई करने के स्थान पर मोबाईल खेलने वालों को उल्टा लटका दिया जा रहा है। गाली-गलौज करने वाले को आग मे जलाया जा रहा है। झूठे नेताओं को नरकलोक में भी स्थान नहीं दिया जा रहा है। वे नरक के द्वार पर ही पछताते हुए दिखाई दे रहें है। मेला देखने आए दूजराम साहू ने अपने साथी से कहा कि लोग कहते हैं कि मरने के बाद भी स्वर्ग और नरक का ज्ञान होता है लेकिन माघी पुन्नी मेला एक ऐसा मेला है। जहाँ त्रिवेणी संगम में लगे झाँकी में बताए गए बातों से हमें ज्ञात हो रहा है कि हम ऐसा कार्य करें कि हमारा जीवन सफल रहे। दूसरी झाँकी शिव धाम कि बनी हुई है। जहाँ पर शिव विवाह, हनुमान द्वारा राम की भक्ति, कौशिल्या, सुमित्रा और कैकयी द्वारा बालस्वरूप भगवान श्रीराम जी को खेल को दर्शया गया है। जैसे ही मेलार्थी आगे बढ़ते हैं तो विशाल रूप में शंकर जी को ताण्डव करते हुए दिखाई दे रहे है। जहाँ से उसके जटा से गंगा बह रही है। उन्हे देख झाँकी देख रहे मेलार्थी भी सेल्फि ले रहे है। इसके बाद एक उड़ता हुआ चुड़ैल दिखाई देती है। अंत में श्मशान घाट और भूतों का कंकाल जो बैण्ड़ बजाते हुए दिखाई दे रहे है, जिसे देख दर्शक अत्यंत प्रसन्न हो उठते हैं।



## सुआ नृत्य से दमका नदी का सांस्कृतिक मंच

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला मे गुरूवार को सांस्कृतिक मंच क्र. 2 में अलग-अगल विधा के कार्यक्रमों ने दर्शकों से झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वेशभूषा में छत्तीसगढ़ की परम्परा और संस्कृति मंच पर दमक रही थी। भोथली कुरूद के देवेन्द्र सेन ने रामायण प्रस्तुत किया। इन्होंने बालकाण्ड के राम जन्म प्रसंग पर कहा कि राम का जन्म ही राक्षसों का नाश होने का करण बना। राम जन्म को लेकर न सिर्फ आयोध्या के लोग बल्कि तीनों लोक अत्यंत प्रसन्न हुए। अभनपुर के मोहितराज सिन्हा ने लोकमंच पर छत्तीसगढ़ी गीतों की लगातार प्रस्तुति दी। माटी से जुड़े गीत ने धूम मचा दी। परसवानी कुरूद के गरीमा नेताम ने सुआ नृत्य के द्वारा महिलाओं के मार्मिक चित्र मंच पर ला दिया। चुटकी की चुट-चुट जैसे ही दर्शकों के कानों पर पड़े तालियों की आवाज से दर्शक दीर्घा गूंज उठा। नवापारा के हरिशंकर साहनी ने सांई भजन झांकी जगराता पर धार्मिक भजनें पेश की। भाठागांव अभनपुर के ओमप्रकाश मानिकपुरी ने जसगीत झांकी की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिए। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पंत एवं मनोज सेन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक प्रभारी पुरूषोत्तम चन्द्राकर, किशोर निर्मलकर, सुखेन्द्र साहू, शीतल चौबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## स्कूली बच्चों ने बनाया साऊंड प्लेबैक सिस्टम रोबोट

**राजिम।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के मीडिल एवं हाईस्कूल लफंदी, हथखोज, पोखरा, बोरसी, कोमा आदि गांव के बच्चों ने शानदार मॉडल बनाये है। जिन्हें राजिम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है। इनमें से साउंड प्लेबैक सिस्टम रोबोट, आर्मी चेक पोस्ट, सोलर पेनल, सेंसर बोड पर आधारित रेलगाडी, बेक लेस डे, रोशनी देखते ही बन रही थी। प्रदर्शनी में छात्र रोशनी और हिमांसी द्वारा बनाया गया मॉडल बहुत प्रभावित किया। शिक्षक सतीश मालवीय, मीनाक्षी शर्मा, ओंकार शर्मा, गोकाल कंसारी, अनिल मेघवानी, विजेता देवानी, दीप्ती मिश्रा गंडेचा, निरज साहू, कोमल साहू इनकी उपयोगिता एवं बनाने का उद्देश्य को आम लोगों तक पहुंचा रहे थे।




### मुख्यमंच पर चौथे दिन दूधमोंगरा के कलाकरों की शानदारी प्रस्तुति

# पद्मश्री उषा बारले ने पंडवानी की दी प्रस्तुति, मुख्यमंच पर दर्शक उठा रहे है सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजिम। माघी पुन्नी मेला के चौथे दिन मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक बिखेरने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ी पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले ने कपालिका शैली में कुन्ती और गंधारी के बीच के संवादों को अपने अंदाज पर प्रस्तुति दी। उनकी हाव भाव को देखकर दर्शक भी मंच से बंधे रहे।



उनकी इस अंदाज को देख कर बड़े बुजुर्ग दर्शक अपने बच्चे को पंडवानी की शैली से अवगत करा रहे थे। पंडवानी के समाप्ति पर सभी ने जोरदार तालियों से पद्मश्री उषा बारले का स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में टिकेन्द्र वर्मा की प्रस्तुति रही जिसमें गणपति ल मनाओं... के पश्चात माँ जगत जननी को मनाने के लिए मंच पर जय माँ काली जय छत्तीसगढ़ महतारी... गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद जादू डारे अलबेरी नार की प्रस्तुति से दर्शकों को खुब आनंदित किया। लोक कलामंच के अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्यौहार छेरछेरा की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध दूध मोंगरा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति गणेश वंदना के साथ शुरूआत हुई। इसके बाद क्रमशः जय-जय हे दुर्गा माता, जय छत्तीसगढ़ महतारी... के पश्चात थईया-थईया नाचे मोर अंगना... जस गीत गाकर महौल भक्तिमय बना दिया। इसी के साथ बईगा जाति के द्वारा गायी जाने वाली गीत महुआ के लाटा, कोलार भाजी.... गीत की प्रस्तुति दी। कलाकरों की प्रस्तुति देख दर्शक भी अपने जगहों पर खुद झूमने लगे। अगली कड़ी में पंथी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद दूध मोंगरा का सबसे प्रसिद्ध गीत जिसे 1976 में गायी गयी गीत 'कनिहा म करधन अउ पांव म सांटी' की शानदार प्रस्तति दी। दूध मोंगरा लोकमंच के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक परम्पराओं को मंच पर नृत्य और गीत के माध्यम से ऐसी प्रस्तुति दी जिसे देख दर्शक को भी अहसास हुआ कि राजिम माघी पुन्नी मेला का ये विशाल मंच वास्तव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का दर्शन कराता है। कार्यक्रम के अंत में संगीतमय नाट्य माटी के महतारी की प्रस्तुति दी गई। जिसे दर्शकों ने खुब आनंद लिया।

कलाकारों का सम्मान स्थानीय जनपतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम समन्वयक पुरुषोत्तम चन्द्राकर और कार्यक्रम का संचालन निरंजन साहू ने किया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573


CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### चरोदा यार्ड में खड़ी कोयले से भरी मालगाड़ी की बोगी में लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**भिलाई।** चरोदा स्थित भिलाई मार्सलिंग यार्ड में खड़ी कोयले से लदी मालगाड़ी की बोगी में आग लग गई। बोगी से धुआं उठता देख कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह भिलाई मार्सलिंग यार्ड चरोदा में खड़ी मालगाड़ी के बोगी में आग लग गई। बोगी में कोयला लदा हुआ था और इस वजह से आग फैल गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं विभाग दुर्ग को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के प्रयास एक बड़ा हादसा टल गया।

# आरबीआई ने भिलाई में पुलिस अफसरों को बताया कैसे होता है डिजिटल फ्रॉड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग रेंज के पुलिस अफसरों व कर्मियों को बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देने के लिए गुरुवार को आईजी डॉ आनंद छाबड़ा के मार्गदर्शन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। ICAI बिल्डिंग सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित इस सेमिनार में भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक, चार्टर्ड अकांटेंट व दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी, अनाधिकृत जमा राशि एवं नए नए डिजिटल फ्रॉड संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।



कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉक्टर अभिषेक पल्लव एवं भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक सत्यनारायण मिश्रा ने सीए अजय सोमानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू , एसडीएम प्रवीण कुमार, डीसी उत्तम कुमार तथा रेंज से आए पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। इसके बाद आरबीआई के उप महानिबंधक सत्यनारायण मिश्र द्वारा कार्यशाला की के विषय एवं उसकी महत्ता के संबंध में बताया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ . अभिषेक पल्लव ने गैर बैंकिग वित्तिय कंपनी के द्वारा किए जा रहे कार्य एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में बताया गया। कार्यशाला के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अपनी बात रेंज से आए सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीयों को कहा।

कार्यशाला में सर्वप्रथम RBI के मुंबई कार्यालय से असिस्टेंट लीगल एडवाइजर दयानंद गोंड के द्वारा CGPbI Act , Buds Act और अनियमित निकायों से संबधित प्रावधानों को बताया गया। साथ ही केस स्टडी स्टडी के द्वारा कानूनी प्रावधानों की बारिकीयों को बताया गया 7 इसके पश्चात NBFCS अनाधिकृत जमा लेने की गतिविधियां और नए युग के डिजिटल धोखाधड़ी के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक चंदर सोनी द्वारा केस स्टडी के माध्यम से विस्तृत व्याख्यान दिया गया ।

इसके पश्चात CA अजय सोमानी के द्वारा ऑडिट और उससे संबधित पहलू के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके पश्चात सेवी के उप महाप्रबंधक रोहित दुबे के द्वारा शेयर बाजार एवं उससे संबंधित अपराधो के बारे में बताया गया। इसके पश्चात् प्रखर जामने ( प्रबंधक , RBI ) के द्वारा कंपनिया के संबंध में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रावधानों एवं ऑनलाइन जानकारी प्राप्त किए जाने के संबंध में व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक महोदय भारतीय रिजर्व बैंक से आए सभी वक्ताओं का तथा रेंज से आए सभी अधिकारी कर्मचारी का धन्यवाद ज्ञापन डीएसपी लाइन निलेश द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला को सभी रेंज से आए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उपरोक्त सेमिनार को सफल बनाने में संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी सूबेदार तृप्ति सिंह राजपूत, उप निरीक्षक संकल्प राय (कंप्यूटर कार्य), सेमिनार रजिस्ट्रेशन कार्य प्रधान आरक्षक ज्ञानदत्त मिश्रा, आरक्षक दीपेश वर्मा, हिरेश वर्मा, वीडियोग्राफी एंड फोटोग्राफी आरक्षक विजेंद्र सिंह, पी.आर.ओ आरक्षक प्रशांत शुक्ला की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रही।

# स्कूली बच्चों की ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, 7 बच्चों की दर्दनाक मौत



### सीएम बघेल ने जताया दुःख

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई है। यहां स्कूली बच्चों से भरी ऑटो को ट्रक ने ठाकर मार दी। हादसे में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार दोपहर बाद कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के पास कोरर चिलहाटी चौक पर हुआ। हादसे में चालक व एक बच्चा गंभीर हालत में है जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर दुःख जताया है।

2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 बच्चों ने कोरर अस्पताल में दम तोड़ा। ड्राइवर और एक बच्चे को गंभीर हालत में कांकेर से रायपुर रेफर किया गया है। सभी बच्चे बीएसएनएन डिजिटल पब्लिक स्कूल के प्रायमरी विंग में पढ़ते थे। सभी बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कांकेर एएसपी अविनाश ठाकुर ने बताया कि ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहा था। ट्रक ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है, वहीं ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि कांकेर जिला के कोरर चिलहटी चौक पर ऑटो और ट्रक की टक्कर से दुर्घटना में 5 स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत का समाचार बेहद दुखद है। 4 बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है। ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हर संभव मदद के निर्देश हैं।

# बुजुर्ग हमारी धरोहर, उनका ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारीः एसपी सदानंद कुमार

**रायगढ़ ( ए )।** जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा गत दिनों लिये गये क्राईम मीटिंग में सीनियर सिटिजन सेल के जिला नोडल अधिकारी एएसपी संजय महादेवा से वरिष्ठ नागरिकों के लिये जिला पुलिस द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की जानकारी लेकर शीघ्र एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में जिला पुलिस के सीनियर सिटीजन सेल द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं एनजीओं के साथ संयुक्त रूप से चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत आशा निकेतन वृद्धा आश्रम में समर्पण योजना के तहत हमर सियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों का कुशलक्षेम जानने उनकी समस्याओं से रूबरू होने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार पहुंचे। अथितियों के स्वागत पश्चात एसएसपी सदानंद द्वारा उपस्थित वृद्धजनों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्याएं पूछे।

उपस्थित तीन बुर्जुगों ने एक-एक कर अपनी व्यक्तिगत समस्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बताया गया जिनके शिकायतों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देशन एसएसपी सदानंद ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बताये कि जिला पुलिस निरंतर ऐसे कार्यक्रम थाना स्तर पर आयोजित करेगी। पुलिस अधिकारीगण उनके क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जानेंगे, उनकी समस्याओं का त्वरित रूप से निदान करेंगे। कार्यक्रम में आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अतिथियों द्वारा आश्रम के वृद्धजनों को कपड़े, फल का वितरण किये।

# एक-दो नहीं पूरे 11 साइकिल के साथ पकड़ाया शातिर चोर, स्कूल व गार्डन से करता था चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने साइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। चोर स्कूल व गार्डन के आसपास खड़ी साइकिलों को निशाना बनाता और अपने घर पर छिपा देता। वैशाली नगर पुलिस की टाउन पेट्रोलिंग टीम ने बुधवार को साइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते इस चोर को पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में इसने एक-दो नहीं पूरे 11 साइकिल की चोरी की बात बताई। पुलिस ने उसके घर से सभी चोरी की साइकिल बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ वैशाली नगर पुलिस ने धारा 41(1 +4 ) व 379 के तहत कार्रवाई की है।

वैशाली नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को टाउन पेट्रोलिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर अर्जुन नगर कैम्प-1 निवासी अजय बंजारे साइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते पकड़ाया। पुलिस ने उससे साइकिल से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह दिखा नहीं पाया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने साइकिल चोरी की बताया। वहीं उसने यह भी बताया कि उसके घर पर चोरी की और भी साइकिलें हैं जिन्हें वह अलग अलग जगहों से चुराया था। पुलिस ने चोर के पास से पांच लेडिस व 6 जेंट्स साइकिल बरामद किया है।



### चोर ने बताया कहां-कहां से चुराई थी साइकिलें

पुलिस पूछताछ में आरोपी अजय बंजारे ने बताया कि उसने कहां-कहां से साइकिलें चुराई है। आरोपी ने बताया कि तीन माह पूर्व सुन्दर नगर गॉर्डन के पास एक लेडिस साइकिल चोरी कर घर में छिपाया। इसके कुछ समय बाद दोबारा उसी जगह से एक रेंजर साइकिल चोरी किया। इसके चार-पांच दिन बाद शांति नगर दशहरा मैदान गॉर्डन के पास से एक रेंजर साइकिल, कुछ दिन बाद सुपेला लक्ष्मी मार्केट से एक लेडिस साइकिल, इसके 8-10 दिन बाद दुर्ग बोरसी शासकीय स्कूल के पास अलग-अलग 3 रेंजर साइकिल चुराई। इसके बाद दुर्ग अस्पताल के पास से लेडिस साइकिल, लुचकी तालाब के पास से एवं शनिचरी बाजार सराफा लाईन के पास से एक-एक लेडिस साइकिल, वृंदानगर से रेंजर साइकिल चुराई। चोरी की इन सभी साइकिलों को आरोपी ने अपने घर पर ही छिपाकर रखा था। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक राजू सिंह, आरक्षक आवेश सिद्दकी, विरेन्द्र यादव, नितेश पाण्डेय, अजय गहलोत व गगनदीप गिरी की सराहनीय भूमिका रही ।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 1453 /नि.प्र. क्र.-14/लो.नि.वि./2022-23 दुर्ग, दिनांक 08/02/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य Providing OW / Deposit / MOW / S/R / OM work District Kabirdham / Balod / Bemetara / Durg (Zonal work) का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 20/02/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 01/03/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 02/03/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0237 | E/F work to under District Kabirdham | 19.85 Lacs |
| (2) T0238 | E/F work to under Civil Sub Division Pandariya | 19.70 Lacs |
| (3) T0239 | E/F work to under Block Sahaspurlohara | 19.50 Lacs |
| (4) T0240 | E/F work to under Civil Sub Division Bodla | 19.60 Lacs |
| (5) T0241 | E/F work to under District Balod | 19.80 Lacs |
| (6) T0242 | E/F work to under Block Dondi | 19.85 Lacs |
| (7) T0243 | E/F work to under Block Gurur | 19.60 Lacs |
| (8) T0244 | E/F work to under District Bemetara | 19.90 Lacs |
| (9) T0245 | E/F work to under Block Nawagarh | 19.50 Lacs |
| (10) T0246 | E/F work to under Block Ambagarhchowki and Manpur | 19.80 Lacs |
| (11) T0247 | E/F work to under Block Chhuikhadan and Gandai | 19.70 Lacs |
| (12) T0248 | E/F work to under Block Patan | 19.90 Lacs |
| (13) T0249 | E/F work to under Civil Division, Durg | 19.95 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्ते का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप:- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-98403-4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि.यां. ) संभाग दुर्ग



कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 1330 /नि.प्र. क्र.-13/लो.नि.वि./2022-23 दुर्ग, दिनांक 06/02/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य Providing OW / Deposit / MOW / S/R / OM work District Durg / Rajnandgaon / Bemetara (Zonal work) का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16/02/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27/02/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 28/02/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0220 | E/F work to under District Durg | 19.90 Lacs |
| (2) T0221 | E/F work to under Civil Division Durg | 19.90 Lacs |
| (3) T0222 | E/F work to under Civil Sub Division No.-1, Durg | 19.90 Lacs |
| (4) T0223 | E/F work to under Civil Sub Division No.-2, Durg | 19.80 Lacs |
| (5) T0224 | E/F work to under Civil Sub Division No.-3, Durg | 19.85 Lacs |
| (6) T0225 | E/F work to under Civil Sub Division Patan | 19.60 Lacs |
| (7) T0226 | E/F work to under Block Durg | 19.50 Lacs |
| (8) T0227 | E/F work to under Civil Division, Rajnandgaon | 19.90 Lacs |
| (9) T0228 | E/F work to under District Rajnandgaon | 19.80 Lacs |
| (10) T0229 | E/F work to under Civil Sub Dn. No.-1, Rajnandgaon | 19.70 Lacs |
| (11) T0230 | E/F work to under Civil Sub Dn. No.-2, Rajnandgaon | 19.80 Lacs |
| (12) T0231 | E/F work to under Civil Division, Khairagarh | 19.50 Lacs |
| (13) T0232 | E/F work to under Civil Sub Division, Mohla | 19.50 Lacs |
| (14) T0233 | E/F work to under District Bemetara | 19.70 Lacs |
| (15) T0234 | E/F work to under Civil Sub Division, Bemetara | 19.60 Lacs |
| (16) T0235 | E/F work to under Civil Division, Bemetara | 19.80 Lacs |
| (17) T0236 | E/F work to under Civil Sub Division, Saja | 19.50 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्ते का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप:- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।


जी-98374/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि.यां. ) संभाग दुर्ग



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766





House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000





भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)





भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी स्ट्राली, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572




# रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार, निरंतर मानिटरिंग होती रहेगी-गृहमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बीते दिनों प्रदूषण की समस्या सामने आई थी। इस संबंध में संज्ञान लेकर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में रसमड़ा के जनप्रतिनिधियों तथा उद्योगपतियों के साथ चर्चा की थी तथा उद्योग समूहों को प्रदूषण नियंत्रित रखने एवं अधिकारियों को इसकी निरंतर मानिटरिंग के निर्देश दिये थे। आज गृह मंत्री ने बैठक में दिये गये निर्देशों पर अब तक हुए अनुपालन की समीक्षा की।**



ग्रामीणों ने बताया कि बैठक के पश्चात लगातार मानिटरिंग होने से प्रदूषण में कमी आई है। पर्यावरण मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रसमड़ा में एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार आया है। बैठक में कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक टीम द्वारा नियमित रूप से रसमड़ा की मानिटरिंग की जा रही है और वहां प्रदूषण की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बैठक में गृह मंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों से रसमड़ा में कार्यरत स्थानीय मजदूरों की संख्या पूछी। पिछली बैठक में इसकी गणना के निर्देश दिये गये थे। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया में लगभग 4833 मजदूर हैं जिसमें रसमड़ा गांव के एक हजार से अधक मजदूर कार्यरत हैं।

गृह मंत्री ने निर्देशित किया कि नियुक्तियों में स्थानीय लोगों को अधिक संख्या में रोजगार मिले, इसे सुनिश्चित करें। जब भी यहां वेकेंसी आये तो एसडीएम को सूचना दें ताकि कोटवार के माध्यम से मुनादी की जा सके।

इसके साथ ही गृह मंत्री ने उद्योग समूहों से रसमड़ा के विकास के लिए भी कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र सुंदर, सुविधापूर्ण होगा तो इसका लाभ स्थानीय लोगों के अलावा उद्योग समूहों को भी होगा, अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी उठाने पूरा सहयोग दें और यहाँ विकास के कार्यों में आर्थिक मदद करें ताकि बेहतर अधोसंरचना यहां खड़ी की जा सके। गृह मंत्री ने प्लांटेशन के बारे में भी जानकारी ली। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य के मुताबिक उद्योगों ने प्लांटेशन नहीं किया है। गृह मंत्री ने लक्ष्य पूरा करने उद्योग समूहों को कहा। साथ ही कहा कि प्रशासनिक स्तर पर भी रसमड़ा की खाली जमीनों में पौधरोपण को लेकर बड़ा अभियान किया जाए।

बैठक में उन्होंने रसमड़ा क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए भी अधिकारियों को कहा। साथ ही यह भी कहा कि यहां पार्किंग की बढिया व्यवस्था करें। यहां आने वाले ड्राइवर, मजदूरों आदि के लिए कैंटीन आदि की व्यवस्था एक ही जगह पर हो। इसके लिए भी कार्य करें। साथ ही उन्होंने प्रदूषण को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में लगातार मानिटरिंग के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक टीम रसमड़ा के लोगों से फीडबैक लेकर यहां के विकास के लिए काम करेगी।

## खास - खबर

### पहला स्ट्रीट वेंडिंग जोन मानस भवन स्थित का महापौर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत शहर के 13 स्थानों में बनाया जा रहा।आज महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पहला स्ट्रीट वेंडिंग जोन,मानस भवन स्थित रिक्त जगहों का निरीक्षण किया।पहला वेंडिंगज़ोन 30 से अधिक गुमटी वाले कर सकेंगे काम वेंडिंग जोन बनने से सड़कों पर ठेलो के चलते लगने वाले जाम से मिलेगी मुक्ति।वहीं, सड़कों पर फल ठेलो के खड़े होने से लगने वाले जाम व शहरवासियों को होनी वाली परेशानियों से निजात मिल सकेगी। नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल,एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गुरुवार को लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी,दीपक साहू,संजय कोहले,भोला महोविया सहित निगम अधिकारी के साथ इस पहला स्ट्रीट वेंडिग जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द वेंडिंग जोन में बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने उन्हें बताया कि बिजली के लिए पोल की व्यवस्था जल्द ही जोन में बिजली व शौचालय की व्यवस्था कर दी जाएगी। जिसके बाद शहर का पहला वेंडिंग जोन को गौरव पथ के ठेलो वाले संचालकों को सौंपा जाएगा। पहला आधुनिक स्ट्रीट वेंडिग जोन बनाया जा रहा है। पेयजल के लिए वेंडिंग स्थल पर नलों की व्यवस्था कर दिया जाएगा। वेंडिग जोन में कचरा डालने के लिए जहां डस्टबिन की व्यवस्था होगी। पेयजल की व्यवस्था कर दी गई है। बिजली, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जा रही है। महापौर ने कहा कि वेंडिग जोन में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

### पचपेड़ी में स्व सहायता समूह की स्वच्छता रैली निकली

**दुर्ग।** पाटन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचपेड़ी में जागृति महिला स्व सहायता समूह द्वारा प्रति सप्ताह 2 ट्राईसिकल (कचरा गाड़ी) के माध्यम से हर घर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। प्रति सप्ताह गांव के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों, तालाबों, स्कूल, आंगनबाडी एवं बाजार चौक का साफ-सफाई किया जाता है। कचरे को एकत्र कर सेग्रीगेशन यार्ड में ले जाकर अलग-अलग छटाई कि जाती है। इससे समूह वालो को सूखा कचरा बेचकर आमदनी भी हो रहा है। समूह के द्वारा प्रत्येक माह में स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ एवं खुले में शौच के स्थानो की निगरानी की जाती है। इससे गांव में सभी तरफ साफ-सफाई बनी रहती है। इस कार्य में समूह की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चंद्राकर, गांव के सरपंच सुंदर लाल खरे एवं देवनाथ साहू का मार्गदर्शन एवं सहयोग सराहनीय रहा है।

### सड़क किनारे से निगम ने हटाया अतिक्रमण, दुकानो के बाहर 96 पोस्टर व साइन बोर्ड जब्त

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा गुरुवार को ईरानी डेरा केलाबाड़ी से लेकर कसारीडीह चौक,आजाद चौक,कन्हैयापुरी से होते हुए महाराजा चौक तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान पोस्टर,साइन बोर्ड को जब्त कर कब्जाधारियों पर जुर्माना की कार्रवाही की गई। केलाबाड़ी चौक,कसारीडीह चौक तक सड़क किनारे लोग चाय ठेला,खोमचा सब्जी पसरा आदि लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह यातायात भी बाधित हो रहा है।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के बाजार विभाग एवं अतिक्रमण तोडू दस्ता ने आज सड़क मार्ग पर लगभग 96 जगहों से पोस्टर साइन बोर्ड जब्त कर 4500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। पोस्टर व साइन बोर्ड व सामान बाहर निकलने पर जब्ती कार्रवाही की चेतावनी।

## साइंस कॉलेज के वार्षिक महोत्सव में विधायक वोरा ने छात्रों को दी सौगात




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरुस्कार वितरण करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को सौगात देते हुए परिसर में प्रकाश व्यवस्था के लिए 7 लाख की हाई मास्ट लाइट एवं एलुमनी छात्रवृत्ति के लिए एक लाख रु की घोषणा की।

साथ ही छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही उच्च शिक्षा विभाग से 20 अतिरिक्त कमरों के लिए राशि लाई जाएगी एवं आने वाले सत्र में निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। अपने उद्बोधन में वोरा ने कहा कि 7000 से अधिक छात्र छात्राएँ होने के साथ ही यह प्रदेश का एक मात्र ए प्लस ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय है।

प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं की सामूहिक मेहनत से कॉलेज की गौरवशाली परंपरा को सदैव बरकरार रखा गया है जिसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर 98 उपलब्धियां एवं गोल्ड मैडल इस सत्र में प्राप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कालेज में अधोसंरचना विकास के लिए भी निरंतर सामूहिक प्रयास आवश्यक है। जनभागीदारी, जनप्रतिनिधियों की निधि के साथ ही शासन स्तर पर भी पैसों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

## विधायक देवेन्द्र ने जमीन में बैठ कर लोगों से की भेंट मुलाकात मनोकामना ज्योति कलश भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव गुरुवार को वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर पहुंचे। इस दौरान जमीन पर बैठकर विधायक देवेन्द्र यादव ने जमीन पर बैठकर लोगों की बाते सुनी और समस्याओं का समाधान किया। इस मौके पर वार्ड वासियों को मनोकामना ज्योति कलश भवन और सार्वजनिक शौचालय की सौगात दी। विधायक देवेन्द्र यादव ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर फीता काटा और लोकार्पण किया।**



इस दौरान विधायक देवेन्द्र ने कहा काफी दिनों से आप सब की मांग थी कि मंदिर परिसर में एक ज्योति कलश भवन बनाया जाए। जो माँग आज पूरा हो गया। मंदिर में हर नवरात्र पर्व पर भक्त गण सैकड़ो की संख्या में ज्योति कलश जलवाते है,भक्तों की संख्या बढ़ने से यहाँ ज्योति कलश रखने की जगह नहीं थी पर अब इस नवरात्र पर्व में सैकड़ों भक्त अपना ज्योति अलश जलवा सकेंगे।

इसी प्रकार वार्ड वासियों के लिए एक शौचालय की बहुत जरूरत थी। लोगों को बड़ी परेशानी हो रही थी लेकिन अब कोई समस्या नहीं होगी। इसी तरह से हम लगातार खुर्सी पार, छावनी,सहित पूरे भिलाई में लगातार काम करते जा रहे है। आज हर वार्ड में जरूरी मुलभूत सुविधाओं को डेवलप करा रहे है। लोकार्पण समारोह के अंत मे वार्डवासियों ने विधायक श्री यादव का दिल से आभार व्यक्त किया

### जमीन पर बैठकर की चर्चा

इसके साथ ही विधायक यादव भेंट मुलाकात किए। और सबका कुशल क्षेम जाना।बारी-बारी से लोगों से मिले। फिर जमीन पर चटाई बिछा कर बैठ कर सब के साथ वार्ड के विकास और समस्याओं को लेकर लंबी और सार्थक चर्चा की।

भेंट मुलाकात के दौरान विधायक यादव ने लोगों के साथ वार्ड का भ्रमण किये। चर्चा करते हुए वार्ड और शहर के विकाश के लिए और क्या कर सकते है। कहीं कोई समस्या तो नहीं है। निकासी सही तरीके से हो रही है आदि बातों पर गौश्र किया।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कचरा फैलाने वालों पर लगातार कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है, निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर में प्लास्टिक एवं झिल्ली पन्नी के कचरों के रोकथाम के लिए बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे है। टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान कहीं भी प्लास्टिक या अन्य कचरा फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे जुर्माना भी लिया जा रहा है।**




बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी विक्रय एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर प्रतिबंधित सामग्री को जप्त किया जा रहा है। निगम की टीम ने प्रकाश बुटीक से 1500 रुपए, बुरहानपुर जलेबी से 2000 रुपए, महेश दूतलहरे से 2000 रुपए, साई फर्नीचर से 2000 रुपए, साउंड एंड साउंड से 1000 रुपए, साउंड आइडिया से 3000 रुपए का जुर्माना वसूल किए।

भिलाई शहर से झिल्ली, पन्नी के कचरों को समाप्त कर प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार तथा व्यवसायिक क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जप्ती बनाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि हमारा शहर साफसुथरा हो और झिल्ली पन्नी के कचरों से फैलने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हो सके। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन कार्यालयों में गठित टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक, पानी पाउच, गिलास, प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक का दोना, पत्तल व प्लास्टिक अन्य सामग्री जो प्रतिबंधित है उस पर कार्रवाई की जा ही है। महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग तथा विक्रय नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें। भिलाई निगम ने सभी जोन में अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ की है।

प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है जिसको देखते हुए इस पर भिलाई निगम क्षेत्र में कड़ाई से कार्यवाही की जा रही है। रात्रि के समय भी सड़क किनारे ठेला या स्टॉल लगाकर व्यवसाय करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय करने वालो पर लगाम लगाया जा रहा है। अलावा कचरे को इधर उधर फेंकते वाले, बिल्डिंग मटेरियल डंप कर सड़क बाधा, सीएनडी वेस्ट इत्यादि पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

## राजीव युवा मितान क्लब की ओर से भिलाई में योग शिविर का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं को योग के लिए प्रशिक्षित किया गया और योग के गुर सिखाए गए। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के खेल के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं तथा बुजुर्ग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।**



क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, टेनिस, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, कंचा, भंवरा, दौड़, पिट्ठुल, फुगड़ी इत्यादि खेलों में लोग अपनी रूचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की मंशा के अनुरूप राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक एवं राजीव युवा मितान क्लब के राज्य स्तर के समन्वयक देवेंद्र यादव तथा भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब वार्ड क्षेत्रों में खेल का आयोजन कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए लोगों को इससे जोड़ने का काम कर रहे हैं। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्गदर्शिका के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में सामाजिक गतिविधियों के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुष्ठ उन्मूलन, प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त अभियान, पर्यावरण संरक्षण, एड्स से बचाव आदि का संदेश राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास के तहत रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है। तालाबों, उद्यानों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान राजीव युवा मितान क्लब कर रहे हैं इसके अलावा आम लोगों को भी इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक आशीष यादव, भिलाई नगर के समन्वयक सौरभ दत्ता, खुर्सीपार के समन्वयक देवेश एवं राकेश तथा वैशाली नगर के समन्वयक अतुल श्रीवास्तव के द्वारा सभी राजीव युवा मितान क्लब से लगातार संपर्क साधकर खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बना रहे हैं।

## दया सिंह ने कलेक्टर को दिया बाबा की बारात का कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हर साल की तरह इस साल भी भिलाई में 18 फरवरी को भोले बाबा की बारात निकलेगी। इसकी जबरदस्त तैयारी चल रही है। आमंत्रण कार्ड से लेकर आयोजन में होने वाले भव्यता को लेकर हर मोर्चे पर दया सिंह की टीम लगातार काम कर रही है। राज्यपाल, पूर्व सीएम, पूर्व मंत्री समेत तमाम राजनेताओं को आमंत्रण कार्ड दिया जा चुका है।**



गुरुवार को दया सिंह जिले के कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा को आमंत्रण देने पहुंचे। आमंत्रण कार्ड देखकर कलेक्टर भी आश्चर्यचकित रह गए और काफी देर तक देखते रहे।

बहरहाल कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के साथ दया सिंह ने भिलाई निगम कमिश्नर रोहित व्यास और जोन कमिश्नर समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रण कार्ड दिया है। निगम आयुक्त रोहित व्यास को आमंत्रण देते दया सिंह इस मौके पर दया सिंह ने कहा है कि हर साल की तरह इस साल भी भोले बाबा की बारात भव्य तरीके से निकलेगी। तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन की टीम ने आश्वास्त किया है कि बुनियादी व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाएगा। सफाई, पानी और रूट को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

### आने वाले दिनों में होंगे यह इवेंट

11 फरवरी की शाम 5 बजे न्यू खुर्सीपार कांति मार्केट में सामूहिक कार्ड वितरण किया जाएगा।

13 फरवरी को दोपहर 12 बजे होटल अमित पार्क में भोले बाबा के आयोजन को लेकर प्रेस कान्फ्रेंस किया जाएगा।

16 फरवरी को न्यू खुर्सीपार अग्रसेन भवन में संगीत संध्या का आयोजन होगा।

## जवाब नहीं देने का हुनर भी बड़े काम का

श्रीकंचनपथ




प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि जब वह सवाल करे तो फौरन जवाब मिले, पर हमेशा ऐसा हो, यह जरूरी तो नहीं. जब कोई बच्चा स्कूल में शरारत कर घर लौटता है तो मां को आभास हो ही जाता है. वह बच्चे से सवाल करती है पर वह चुप रहता है. खीझकर वह दो-चार थप्पड़ लगा देती है. बच्चा फिर भी न तो रोता है और न ही जवाब देता है. मां धमकाती है, 'आने दे पापा को. आज तो वो ही समझेंगे तुझे!'. बच्चा फिर भी चुप. स्कूल कालेज में भी अकसर ऐसा ही होता है. जब अध्यापक सवाल पूछते हैं तो कुछ बच्चे केवल खड़े हो जाते हैं. उनसे कितना भी घुमा फिराकर सवाल पूछ लो, वो जवाब नहीं देते. कुछ शादीशुदा मर्द भी ऐसे ही होते हैं. रोज देर से लौटते हैं पर पत्नी के किसी सवाल का जवाब नहीं देते. पुलिस को भी अकसर ऐसे हालातों से दो चार होना पड़ता है. न तो प्रार्थी खुलकर बताता है और न ही आरोपी अपना मुंह खोलता है. पुलिस के पास वैसे तो मुंह खुलवाने के तमाम हथकंडे होते हैं पर बावजूद इसके जो लोग पेशेवर होते हैं वो मुंह कम ही खोलते हैं. जब खोलते भी हैं तो जवाब नहीं दे रहे होते. वो केवल चीखते-चिल्लाते हैं ङ्क 'हाय! मार डाला. मैंने कुछ नहीं किया.' कुछ शातिर किस्म के होते हैं. वो मुंह तो खोलते हैं पर सवाल का जवाब नहीं देते. वो बात को दूसरी दिशा में ले जाते हैं. आप आम की पूछो वह गुठली का हिसाब देने लगते हैं. यह भी एक हुनर है, जिसके पास होता है वो खूब तरक्की करता है. वह केवल अपने मतलब की बात करता है. जवाब देना तो दूर वह सवाल को ठीक से सुनता तक नहीं है. अलग-अलग परिस्थितियों में ऐसे लोगों को अलग-अलग नामों से जाना जाता है. कोई इन्हें बदतमीज कहता है तो कोई ढीठ. पुलिस इन्हें कहती है आदतन अपराधी, हिस्ट्रीशीटर. इनके लिए इधर खाई, उधर कुआं होता है. मुंह न खोलो तो पुलिस पीटती है और मुंह खोल दिया तो 'बॉस' प्राण हर लेता है. मुंह नहीं खोलने का यह हुनर बेवफाई का ढाल भी है. आप किसी का भरोसा तोड़ो तो चुप रहने के अलावा चारा ही क्या रह जाता है? जवाब देने की कोशिश करोगे तो उससे और सवाल निकलेंगे. आदमी कितना भी चालाक क्यों न हो, झूठ पर झूठ बोलेगा तो फंसेगा ही. इसलिए वकील अपने अपराधी मुवक्किलों को सिखा पढ़ा कर ले जाता है कि जब तक वह इशारा न करे, वह किसी भी सवाल का जवाब न दे. मजा तो तब आता है जब आरोपी खुद हाकिम हो. किसी की क्या मजाल कि वह खुद हाकिम से सवाल पूछ ले. पर बावले कहां समझते हैं ङ्क कबीर, रहीम, घासीदास, फुळे, आम्बेडकर, राममोहन, विवेकानंद बनकर वो सवाल उठाते रहते हैं, कोई सुने न सुने, क्या फर्क पड़ता है.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950